

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-211 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## साय ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए राजधानीवासियों के साथ लगाई एकता दौड़

रायपुर 29 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री श्री राम विचार नेताम, मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री टंकराम वर्मा, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफकई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। श्री साय ने



कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देता है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया।

## संक्षेप

### कांग्रेस नेता नितिन भंसाली को मिली साउथ नागपुर की जिम्मेदारी

**रायपुर,29 अक्टूबर।** एआईसीसी ने महाराष्ट्र के 43 विधानसभा में समन्वयक नियुक्त किया है. छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नितिन भंसाली को साउथ नागपुर का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है. नितिन भंसाली ने इस जिम्मेदारी के लिए एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार जताया है. बता दें कि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं. यहां 9.63 मतदाता हैं. महाराष्ट्र में एक चरण में मतदान होगा. 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी. साल 2019 का चुनाव बीजेपी और अविभाजित शिवसेना ने एनडीए के बैनर तले लड़ा था. बीजेपी ने 165 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. इनमें 105 सीटों पर जीत दर्ज की थी. शिवसेना ने 126 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 56 सीटों पर जीत मिली थी. कांग्रेस ने 147 सीट पर उम्मीदवार उतारे थे. इनमें से 44 सीटों पर ही जीत मिली थी. एनसीपी को 54 सीटों पर जीत हासिल हुई थी. उसने 121 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे.

### बच्चों के साथ पीया जहर, इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

**बालोद,29 अक्टूबर।** देवरानी से झगड़े होने के बाद जेठानी का पारा कुछ ऐसा चढ़ा कि उसने अपने दो मासूम बच्चों को कीटनाशक पिलाकर खुद पी लिया . नाजुक हालत में तीनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, वहीं बच्चों की हालत नाजुक है. घटना अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कुरदी गांव की है, जहां सोमवार को देवरानी से झगड़े के बाद डुमेश्वरी साहू ने बाजार कीटनाशक लाकर पहले अपनी चार साल की बेटी और सात साल के बेटे को पिलाया और उसके बाद खुद पी गई थी. जहर सेवन की बात पता चलने पर परिजनों ने अर्जुन्दा में प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन महिला की स्थिति बिगड़ती देख उसे राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां देर रात को उसने दम तोड़ दिया. वहीं रायपुर एम्स में दाखिल दोनों मासूमों की हालत नाजुक बताई जा रही है. घटना के बाद अर्जुन्दा पुलिस जांच में जुटी है.

### रोहतक-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में विस्फोट के बाद लगी आग, चार यात्री घायल

**नई दिल्ली ,29 अक्टूबर ।** रोहतक-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन में विस्फोट होने से चार यात्री घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चारों घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कहा, रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। उनके साथ दिल्ली से आई फोरेंसिक टीम भी है, ताकि विस्फोट कैसे हुआ, इस बारे में आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा सकें। उन्होंने बताया कि विस्फोट रोहतक स्टेशन से ट्रेन के खुलने के तुरंत बाद सांपला स्टेशन के पास हुआ।



## जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने विभागीय अधिकारियों से काम-काज की जानकारी ली

**रायपुर,29 अक्टूबर।** जनसम्पर्क संचालनालय के नव पदस्थ आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने आज यहां छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संचालक जनसम्पर्क श्री अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक श्री जे.एल.दरियो, श्री उमेश मिश्रा, श्री संजीव तिवारी, श्री आलोक देव, श्रीमती हर्षा पौराणिक एवं श्री संतोष मौर्य सहित संचालनालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित संचालनालय एवं संवाद के अधिकारी मौजूद थे।

### आंध्र प्रदेश में बंधक बनाए गए 4 मजदूरों और नाबालिगों को दंतेवाड़ा पुलिस ने किया रेस्क्यू, दो आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,29 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के चार मजदूरों और नाबालिगों को आंध्र प्रदेश में बंधक बनाकर प्रताड़ित किए जाने की घटना में दंतेवाड़ा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने 26 घंटे के भीतर ऑपरेशन चलाकर सभी मजदूरों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है. इसके साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने आरोपियों को आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कोटपल्ली से पकड़ा और उन्हें आज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. जानकारी के अनुसार, प्रार्थी प्रेमा मांडवी निवासी तेलम, थाना कटेकल्याण ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि आंध्र प्रदेश के कुर्तेवैन्यू स्थित एक झींगा कंपनी के मैनेजर ने उन्हें अच्छी सैलरी, फ्री खाना और चिकित्सा सुविधा का झांसा देकर काम के लिए बुलाया. प्रेमा मांडवी अपने गांव के 6 अन्य साथियों के साथ झींगा कंपनी में काम करने गए.

शराब घोटाला मामला : छत्तीसगढ़ और झारखंड में ईडी की दबिश

## रायपुर में बार संचालक के ठिकानों पर चल रही जांच

रायपुर,29 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

शराब घोटाला मामले में ईडी ने आज छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड में छापा मारा है. जानकारी के मुताबिक, रायपुर मिनार बार के मालिक अनिल राठौर के घर और ठिकानों पर टीम ने दबिश दी है. अशोका रतन स्थित घर, मिनार बार और सूर्या अपार्टमेंट में कार्रवाई जारी है. झारखंड और छत्तीसगढ़ प्रवर्तन निदेशालय के आधा दर्जन अफसर राठौर के ठिकानों पर जांच में जुटे हैं. वहीं झारखंड में आईएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह और शराब कारोबार से जुड़ी अलगङ्कअलग कंपनियों और उनके संचालकों के यहां ईडी की टीम ने दबिश दी है. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी.



रांची के विकास कुमार ने एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था. इसके बाद रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई. आवेदन में कहा गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में ही रची गई थी और आबकारी नीति में फेरबदल कराया. छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में शराब बेचने की तैयारी थी, जिसमें मुख्य कर्ताधर्ता अनवर और एपी त्रिपाठी को बताया गया था.

## राज्योत्सव के उद्घाटन में एमपी सीएम मोहन यादव तो अलंकरण समारोह में उप राष्ट्रपति धनखड़ होंगे शामिल

**रायपुर,29 अक्टूबर।** प्रदेश स्थापना के उपलक्ष्य में नया रायपुर में चार से छह नवंबर तक राज्योत्सव मनाया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे, वहीं अलंकरण समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ी सौगात मिलने की जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर में सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भवन बनकर तैयार है. योग और नेचुरोपैथी के सेंटर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली लोकार्पण करेंगे.

**मुख्यमंत्री साय ने धनतेरस की दी बधाई**-मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं हैं. इसके साथ दीपावली, अन्नकूट और छठ महापर्व की अग्रिम बधाई दी है.

## धनतेरस के मौके पर जब मोदी ने किया राम मंदिर का जिक्र

**नई दिल्ली,29 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि आज पूरा देश धनतेरस और भगवान धनवंतरी की जयंती का पर्व मना रहा है। मैं आप सभी को धनतेरस और भगवान धनवंतरी की जयंती की बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज के दिन देश में बहुत बड़ी संख्या में लोग अपने घर के लिए कुछ न कुछ नया खरीदते हैं, मैं विशेष रूप से देश के व्यापारी साथियों को बधाई देता हूं। आप सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार की दीपावली ऐतिहासिक है। 500 साल बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाएं जाएंगे। एक अद्भुत उत्सव होगा। ये ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं, और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए खुशी की बात है कि आज 150 से ज्यादा देशों में आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। ये प्रमाण है, आयुर्वेद को लेकर बढ़ रहे वैश्विक आकर्षण का। ये प्रमाण है, नया भारत अपने प्राचीन अनुभवों से विश्व को कितना कुछ दे सकता है।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन ईनामी सहित 19 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**सुकमा,29 अक्टूबर।** सुरक्षाबल के साथ मुठभेड़ में मार गिराने और लोन वर्राटू अभियान में आत्मसमर्पण के बाद बाकी बचे नक्सलियों पर नकेल कसते हुए पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रही है. इस कड़ी में सुकमा जिले के भेज्जी और जगरगुण्डा क्षेत्र से तीन ईनामी नक्सलियों के साथ 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक, भेज्जी थाना क्षेत्र से आम नागरिकों की हत्या की घटना में शामिल पांच नक्सली आरोपियों के साथ जगरगुण्डा क्षेत्र से विस्फोटक सामग्रियों के साथ 14 नक्सली आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें से तीन नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपए का ईनाम घोषित है. सभी गिरफ्तार



नक्सली आरोपी विगत 8-10 वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय थे. थाना भेज्जी से गिरफ्तार किए गए तीन नक्सली आरोपियों के विरूद्ध पूर्व से न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था. इन नक्सली आरोपियों को गिरफ्तार करने में भेज्जी थाना, जगरगुण्डा पुलिस बल, डीआरजी, 219, 150 वाहिनी सीआरपीएफऔर 201 वाहिनी कोबरा की अहम भूमिका रही.

## ब्लेस बस्तर प्रार्थना महोत्सव को लेकर बढ़ा विवाद

**जगदलपुर,29 अक्टूबर।** शहर में 8 से 10 नवंबर के बीच आयोजित ब्लेस बस्तर प्रार्थना महोत्सव को लेकर विवाद पैदा हो गया है. हिंदूवादी संगठनों ने धर्मान्तरण का आरोप लगाते हुए आयोजन के खिलाफमोर्चा खोल दिया है. ब्लेस बस्तर प्रार्थना महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा आयोजित इस प्रार्थना सभा में पॉल दिनाकरन और उनका परिवार हिस्सा लेगा. हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि आयोजन समिति द्वारा धर्मांतरण के उद्देश्य से प्रार्थना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में भोले-भाले आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जाएगा. इस कार्यक्रम का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, लेकिन धर्मांतरण के आरोपों के बीच आयोजन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. हिंदूवादी संगठनों ने प्रशासन को कार्यक्रम की अनुमति निरस्त करने की मांग की है.




**ईसाई प्रचारक हैं पॉल दिनाकरन**-बता दें कि पॉल दिनाकरन एक प्रसिद्ध भारतीय ईसाई प्रचारक और शिक्षक हैं. वे जीसस कॉल्स नामक एक अंतरराष्ट्रीय प्रार्थना मंत्रालय के अध्यक्ष हैं, जो लोगों के लिए प्रार्थना और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करता है.

## मोदी ने किया सीआरआईवायएन रायपुर का शिलान्यास

**रायपुर,29 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर वर्चुअल माध्यम से रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रायपुर से जुड़े थे।मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम रही है।

केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर को केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवायएन) के तहत स्थापित किया जा रहा है। 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि विभाग को उपलब्ध करा दी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला



योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा जो गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, प्रीडायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा।

अनुसंधान केन्द्र में बाह्य रोगी और प्रशासनिक ब्लॉक, आंतरिक रोगी ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, योग हॉल, आहार केन्द्र, मालिश और फिजियोथेरेपी अनुभाग के साथ ही अनुसंधान ब्लॉक भी स्थापित होंगे। यह केन्द्र स्पा और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा। केंद्र में वेलनेस थिरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम का भी संचालन होगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा।इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश अपनी पुरानी पद्धतियों को संजोकर लगातार आगे बढ़ रहा है। जायसवाल ने कहा कि आज धनतेरस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के रूप में जो उपहार दिया है उसे हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां भी याद करती रहेंगी।

हाकी : जोहार कप के सुल्तान प्रतियोगिता-2024, भारत ने जीता कांस्य पदक

jasclaudius@gmail.com

## कब दूर होगी अंतिम क्षणों में हड़बड़ाहट की आदत

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आज की पीढ़ी से जब इस बात का जिक्र किया जाता है कि हमारा देश कभी हॉकी का विश्व चैंपियन हुआ करता था। 1928 से 1956 तक भारत ने आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में लगातार छः स्वर्ण पदक जीते हैं और किसी भी अन्य खेल में ओलंपिक में भाग लेने वाली किसी भी देश की किसी भी खेल में यह उपलब्धि हासिल नहीं किया है तो आज के युवा स्तब्ध हो जाते हैं। परंतु सच्चाई को छुपाया नहीं जा सकता वस्तुतः इस तरह के कीर्तिमान के बारे में एक दूसरे को बताया जाना चाहिए। आज भारतीय खेल परिदृश्य में नान ओलंपिक खेलों यथा शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी का जलवा है। ओलंपिक खेलों में निसंदेह हमारे प्रतिभागियों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत प्रभावी नहीं रहा है फिर भी 21वीं सदी में कुश्ती, निशानेबाजी, बैडमिंटन, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, टेनिस, हाकी गिने चुने ऐसे खेल हैं जिन्होंने भारत का नाम रौशन हुआ है। हाकी की पुरुष व महिला सीनियर हाकी के साथ पुरुषों के जूनियर हाकी टीम भी कुल मिलाकर ठीक खेल दिखा रही है। मलेशिया में गत 19 से 26 अक्टूबर 2024 तक सम्पन्न 21 वर्ष से कम आयु वर्ग के पुरुष हाकी खिलाड़ियों की जोहार कप के सुल्तान स्पर्धा का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट युवा हाकी खिलाड़ियों के प्रतिभा का मूल्यांकन करता है। 2011 से आरंभ इस चैंपियनशिप को भारत ने अब तक 2013, 2014, 2022 में जीता है। अब तक 13 संस्करण हो चुके हैं। इसमें ग्रेट ब्रिटेन चार, आस्ट्रेलिया 2, जर्मनी 2, मलेशिया ने एक बार चैंपियन बन चुकी है। हालांकि युवाओं ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पाकिस्तान, जापान, अर्जेंटीना, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड की टीम मैदान में उतरती है उसके बावजूद एक भी स्पर्धा नहीं जीत सके हैं। 2024 के जोहार कप के सुल्तान प्रतियोगिता में 6 टीम चैंपियन बनने के लिए उतरी थी। इसमें ग्रेट ब्रिटेन विजेता जबकि आस्ट्रेलिया उपविजेता बनी। भारतीय टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी दलों ने एक दूसरे के विरुद्ध मैच खेला। आस्ट्रेलिया, भारत, ग्रेट ब्रिटेन की टीम ने 10-10 अंक अर्जित किए। न्यूजीलैंड के नौ अंक थे। भारतीय टीम के दस अंक होने के बावजूद प्रतियोगिता के नियम के अनुसार तीसरे व चौथे स्थान के लिए भिड़ंत न्यूजीलैंड से हुई जिसमें पेनाल्टी शूटआउट के जरिये भारत तीसरा स्थान प्राप्त करने में कामयाब हो गया। परिणाम के हिसाब से लगता है कि हमारे देश के खिलाड़ियों ने अच्छा खेला परंतु जब भारतीय व अन्य टीम के वर्तमान विश्व रेंकिंग पर नजर डालेंगे तो हमारे खिलाड़ियों की कमी का अंदाजा हो जाता है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली छः टीम की विश्व वरीयता फेडरेशन इंटरनेशनल हाकी जूनियर के अनुसार भारत (29), आस्टेलिया (8), मलेशिया (11), न्यूजीलैंड (13), ग्रेट ब्रिटेन (16) और जापान (18) है। स्पष्ट है कि वरीयता प्रतियोगिता में शामिल बाकी पांच देशों से भारत की स्थिति सबसे अच्छा है।

अब हमारी टीम के प्रदर्शन पर नजर डालते हैं। राउंड राबिन आधार पर खेले गये प्रारंभिक मुकाबले में भारत ने क्रमशः जापान को 4-2, ग्रेट ब्रिटेन को 6-4, मलेशिया को 4-2 से हराया जबकि चौथे मैच में आस्ट्रेलिया से 0-4 से पराजित हो गई। इस हार का असर अंतिम मुकाबले में हुआ जब भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 3-3 की बराबरी कर सकी। फिर दूसरे चक्र में तीसरे व चौथे स्थान की भिड़ंत में भारतने न्यूजीलैंड को पछाड़ दिया। उपरोक्त सारी जानकारी का विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि हमारे खिलाड़ी अपनी वरीयता (2) के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर सके और विश्व वरीयता में 8वीं आस्ट्रेलिया का मैच चैंपियन बनने के लिए विश्व वरीयता में 16वें नंबर की टीम ग्रेट ब्रिटेन से हुआ। भारतीय जूनियर टीम के लिए इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि यह परिणाम सबक लेने वाला साबित हुआ। दूसरी सोचनीय बात आखिर ऐसा कब तक हमारी टीम अनियमित प्रदर्शन करते रहेगी। भारत सरकार के खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, हाकी इंडिया व भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है कि मारी टीम विश्व में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करे। परंतु, दुर्भाग्य की बात है कि अत्याधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था, वरिष्ठ खेल प्रशिक्षकों के रहते हुए हमारे खिलाड़ी स्पर्धा की शुरुवात तो ठीक करते हैं लेकिन अंत निराशाजनक वस्तुतः सिर्फ हाकी ही नहीं भारतीय खिलाड़ियों की यह कमी पिछले दिनों अन्य खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 में भी सामने आई। अब हमें मानसिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। पीछे जो हो गया उसे भूलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। इस दिशा में भारत के खेल प्रशासकों, प्रशिक्षकों को विशेष ध्यान देना होगा तभी भारत खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने आप को स्थापित कर सकेगा।

### महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

**मध्य प्रदेश ,29 अक्टूबर ।** एक अक्टूबर को उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। ये धमकी अपने आपको जैश-ए-मोहम्मद का एरिया कमांडर बताने वाले अज्ञात व्यक्ति ने एक पत्र के जरिए राजस्थान के हनुमानगढ़ के रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दी है। इसमें उज्जैन रेलवे स्टेशन, हनुमानगढ़ जंक्शन सहित राज्य के श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर रेलवे स्टेशन सहित राजस्थान के कुछ धार्मिक स्थल को आगामी 30 अक्टूबर और 2 नवंबर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। वहीं, महाकालेश्वर मंदिर सुरक्षा को लेकर मंदिर समिति के अध्यक्ष व जिला कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा दो भागों में की जाती है। एक बाहरी सुरक्षा और दूसरी आंतरिक सुरक्षा।

एक नजर

## पुलिस ने युवक को शराब सहित पकड़ा



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र अवैध रुप से शराब बेचते एक युवक को नेवई पुलिस ने पकड़ा उसके कब्जे से कुल 50 नग शराब बरामद किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की नेवई गौठान के सामने पुल के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है सूचना पर स्टाफ मौके पर पहुंचा तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा उसे घेराबंदी कर पकड़ने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी में 25 नग देशी प्लेन मंदिरा एवं 25 नग देशी मसाला मदिरा मिला पूछताछ में अपना नाम सोहन लाल मांडले(60 वर्ष ) निवासी नेवई बस्ती बताया।

## घर के सामने खड़ी कार में आग लगा दी

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत घर के सामने खड़ी कार को अज्ञात ने आग लगा दी। दो युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि कृपाल नगर निवासी सुहासपाल (43 वर्ष ) निलान्स किट्स स्कूल कृपाल नगर का संचालक है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात 10 बजे मारुति को अपने घर के सामने खड़ी कर खाना खाकर सो गया। रात 1.30 बजे पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाया तो पता चला कि मारुति आग लग गई है आग बुझाने के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखने पर 2 अज्ञात युवक मुंह बांधे हुए थे।

## गोदाम से 500 किलो लोहा चोरी

**भिलाई, 29 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित कंपनी के गोदाम से अज्ञात चोर ने 500 किग्रा लोहे की प्लेट चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 303य2द्ध के तहत अपराध दर्ज कर लिया है जामुल पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर निवासी राहुल देव बंसल य45 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया में ट्रेडर्स कंपनी का जामुल में गोदाम है सुबह 9 बजे कंपनी का चौकीदार भीम बहादुर सोनी ने उसे चोरी होने की सूचना कॉल कर दी इस पर तुरंत गोदाम पहुंच गयाचेक करने पर पता चला कि गोदाम के बगल बाहर में रखे सामान को रात 10 बजे 22 की सुबह 8 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर लोहे का प्लेट चोरी कर ले गया चोरी गई लोहे की प्लेट का वजन करीब 500 किग्रा था जिसकी कीमत प्रार्थी ने 21 हजार रुपए आंकी गई है ।

# समितियों व जरूरतमंदों को नपा अध्यक्ष ने किया चेक वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 29 अक्टूबर।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में समितियों एवं जरूरत मंदो को क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा द्वारा स्वीकृति स्वेच्छा अनुदान राशि के चेक का वितरण नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा वितरित किया गया। बहुत ही सादगी पूर्ण माहौल में धार्मिक समिति के सदस्यों एवं व्यक्तिगत हितग्राहियों को स्वेच्छा अनुदान राशि का वितरण करते हुए नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि सार्वजनिक दायित्व के साथ-साथ हमे जरूरत मंदो को सहयोग करना भी एक प्रकार से हम सभी का कर्तव्य है। चूंकि दीपावली का त्यौहार आ चूका है। ऐसे में हमारे माननीय विधायक कोर्सेवाडा के सहयोग से आप जरूरत मंदो को आर्थिक सबल दिये जाने से एक सुखद अनुभूति हो रहा है। हम सबका कार्य सिर्फ मुलभुत कार्यो तक सीमित नहीं होना चाहिये। सार्वजनिक दायित्व के साथ हमारा यह प्रयास रहता है। कि नगर के नागरिकों के सुख दुख में भी सहभागिता निभाये यही सही जनसेवा है। अनुदान राशि के रूप में नवरत्न महिला मंडली, मां महामाया जस मंडली एवं 11 अन्य व्यक्तियों को 2500-2500 रूपये के चेक वितरण किया गया। स्वेच्दा अनुदान राशि वितरण अवसर पर जामुल मंडल भाजपा अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी पार्षदगण अहिल्या वर्मा, शांति टंडन पूर्व पार्षद विशेश्वर वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दुर्योधन साहू, मंडलमंत्री दिलीप सिंह, अनुसूचित जाति प्रकोष्ट के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुलाराम टंडन सहित धार्मिक समिति के सदस्यगण एवं हितग्राहीगण उपस्थित थे।

## गौरा-गौरी कार्यक्रम में शामिल हुए रेखराम बंछोर



**जामुल, 29 अक्टूबर।** गौरा ग़ौरी कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर शामिल हुए । साथ में ओमप्रकाश साहू, दीपक सिंह, जगदीश देवांगन, अज्जू साहू, मयाराम साहू, विकास राय एवं समस्त मोहल्ले वासी शामिल हुए। वार्ड 3 वार्ड नं 4 और वार्ड नं 6 सभी वार्ड में जाकर पूजा अर्चना कर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## कलेक्टर ने रन फॉर यूनिटी का संदेश देते हुए रनिंग किया

**कवर्धा, 29 अक्टूबर।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मागदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी वाई डी साहू,महिला बाल विकास आनंद तिवारी और समाज कल्याण अधिकारी अभिलाषा पांडा ,जिला खेल अधिकारी महेंद्र गुप्ता डी एम सी नकुल पनागर,सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू खाद्य अधिकारी सचिन,उपसंचालक पंचायत राज तिवारी,राजेश तिवारी व्याख्याता सहित स्वामी विवेकानंद एकेडमी कोच दशरथ साहू, सुश्री रीना शर्मा और एकेडमी के समस्त स्टूडेंट्स ने स्टेडियम से मां महामाया मंदिर तक उत्साह पूर्वक रन फॉर यूनिटी का संदेश देते हुए रनिंग किया ।

# सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की शुरुआत



भिलाई, 29 अक्टूबर। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज सेल में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सेल के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक (वाणिज्यिक) वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वित्त) एके तुलसियानी, निदेशक (कार्मिक) के के सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं और कच्चा माल) ए के सिंह, और सेल के सीवीओ, एस एन गुप्ता ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की। इसके बाद, सेल के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने सेल के सभी सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने सेल कार्मिकों को संबोधित किया और कहा कि सत्यनिष्ठा केवल अनुपालन के बारे में नहीं है, यह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने के बारे में है, जहां नैतिक व्यवहार ज़रूरी स्वभाव है। ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे संगठन की सफलता को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कारक है। सेल के सीवीओ, एस एन गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# हर्षोल्लास के साथ सेल खेल मेला का समापन



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18वें सेल खेल मेला 2024.25 का समापन सचिव रामकृष्ण मिशनए नई दिल्ली श्रीमत स्वामी सर्वलोकानन्द के मुख्य आतिथ्य में 27 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिवए रामकृष्ण मिशन आश्रमए नारायणपुर स्वामी व्याप्तानन्द महाराज ने किया। सेल.खेल मेला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 39 स्कूलों से लगभग 1500 बच्चों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ताए मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमारए महाप्रबंधक विजय शर्माए वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडेए अध्यक्ष ;जिला भारतीय जनता पार्टी नारायणपुरद्ध रूपसाय सलामए अध्यक्ष ;जनभागीदारी समिति नारायणपुरद्ध बृजमोहन देवांगनए नरेन्द्र मेश्रामए सह.सचिव ;रामकृष्ण मिशन आश्रमए नारायणपुरद्ध स्वामी अनुभवानंद सहित स्वामी वसुदानन्दए स्वामी कृष्णामृतानन्दए स्वामी मुक्त्यानन्दए स्वामी प्रेमदानन्द एवं ब्रह्मचारिगण उपस्थित थे। साथ ही आश्रम के समस्त शिक्षक.शिक्षिकाएंए अन्य कर्मचारिवृन्द तथा लगभग 2500 बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य ;विवेकानंद विद्यापीठद्ध स्वामी कृष्णामृतानन्द ने दिया। मुख्य अतिथि स्वामी सर्वलोकानन्द ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मविश्वास के द्वारा कोई भी मनुष्य कुछ भी प्राप्त कर सकता है। 27 अक्टूबर रविवार को खो.खो ;बालक वर्गद्ध और फुटबॉल का फाइनल मैच खेला गया। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर और विद्या मंदिर कुंदला के बीच हुए खो.खो मैच में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ की विजेता रही। फुटबॉल का फाइनल मैच रामकृष्ण मिशन और शाण्उण्मा विद्यालयए बिंजली के बीच खेला गया जिसमें रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ के बालकों ने 7.0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वॉलीबॉल में रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के बालकों की टीम विजेता रही और शाण्उण्मा विद्यालय ओरछा उपविजेता। खो.खो ;बालिका वर्गद्ध के फाइनल में माँ सारदा विद्यामंदिरए ओरछा ने रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के बालिकाओं को हराकर विजेता का ख़िताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल बालिका वर्ग मैच में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालयए सुलेंगा विजेता रही और रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठए नारायणपुर उपविजेता। बैडमिंटन ;बालक वर्गद्ध में आत्मानंद शासकीय विद्यालय छोटेडोंगर को हराकर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठए नारायणपुर विजेता रही। इसके साथ ही बालकों में ओवर ऑल चैंपियनशिप का ख़िताब रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर ने अपने नाम किया। बालिकाओं में माँ सारदा विद्या मंदिर ओरछा ओवरऑल चैंपियन रही और रनर रही रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के साथ मेडलए ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ के वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम दास साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## धनतेरस के दिन हरितिमा टीम ने किया पौधारोपण



**कवर्धा, 29 अक्टूबर।** हरितिमा टीम के सदस्य सुनील दोषी , अजय लूनिया ,अखिल लूनिया , राकेश दोषी , पन्ना चंद्रवंशी , के के ठाकुर , कमलेश ठाकुर ने करपात्री स्कूल के सामने नीम का पौधा लगाकर पौध रोपण का संदेश दिया । लोगों से विनम्र अपील की कपड़े का थैला लेकर ही जाए मार्केट ओर खूब खरीदारी करे ।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन




**भिलाई, 29 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 का उद्घाटन समारोह, 28 अक्टूबर को सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय के साथ संयंत्र के एचआरडीसी के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता थे। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक आर के श्रीवास्तव सहित महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सत्यब्रत कर मंचस्थ थे। साथ ही संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने, विचार प्रस्तुत करने वाले और नैतिक मूल्यों को बताने वाले स्कूली बच्चों की सराहना की और अपने संबोधन में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक विकसित देश होने के लिए भ्रष्टाचार रोकना अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाते हैं, जिसमे हम उस सप्ताह या पखवाड़ा में विषय विशेष पर केंद्रित होते हैं, किन्तु सतर्कता जागरूकता, सेफ्टी, स्वच्छता ये सभी हमें साल भर मानाना चाहिए। उन्होंने औद्योगिक संगठन के लिए भ्रष्टाचार मुक्त और सत्यनिष्ठा से युक्त सुखद परिणाम के साथ साथ भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों का उदाहरण देते हुए जो प्राप्त है, वो पर्याप्त है की सार्थकता को प्रमाणित किया और भ्रष्टाचार के कारणों को पर जोर दिया। शुभारंभ निदेशक प्रभारी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य विशेष अतिथियों द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। स्वागत भाषण महाप्रबंधक एवं एसीवीओ सत्यब्रत कर द्वारा दिया गया। इसके पश्चात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा, समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी।

## गोल्ड मेडलिस्ट परलीन को इन्द्रजीत सिंह ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** यूथ सिख सेवा समिति ने प्रेसिडेंट इन्द्रजीत सिंह छोटू के कार्यालय हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में एशियाई गेम्स में आर्म रेसलिंग वर्ग में गोल्ड मेडलिस्ट बहन परलीन कौर को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि बहन परलीन कौर ने पूरे सिख समाज का एवं अपने पिता प्रकाश सिंह का नाम रौशन किया है। यूथ सिख सेवा समिति के समिति ने उत्कृष्ट प्रतिभा समान मोमेंटो देकर बहन का हौसला बढ्या गया और भविष्य में कोई भी जरूरत में बहन परलीन कौर के साथ खड़े रहने का वादा किया गया । उपस्थित जनो में यूथ सिख सेवा समिति के प्रेसिडेंट इंद्रजीत सिंह (छोटू) कोषाध्यक्ष भाई मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, उपाध्यक्ष पवित्तर सिंह, हरनेक सिंह, निर्मल सिंह, सचिव हरपाल सिंह, मंजीत सिंह उपस्थित रहे।

# स्टील प्लांट एवं खदान में हड़ताल को सफल बनाने पर एटक ने दी बधाई



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** श्रमिक संगठनों इ संयुक्त आह्वान पर 28 अक्टूबर को आयोजित सांकेतिक हड़ताल को असरदार ढंग से सफल बनाने के लिए एटक ने इस्पात मजदूरों और सेल के खदान एवं प्रतिष्ठानों में काम करने वाले मजदूर भाइयों को बधाई दी है। एटक के विनोद कुमार सोनी ने इस हड़ताल में सभी घटकों की बनी एकता, मजदूरों की एकजुटता को बरकरार रखते हुए, भविष्य में इसे जारी रखने की अपील के साथ प्रबंधन से भी कहा है कि सेल के ऐतिहासिक एवं समृद्ध औद्योगिक संबंध परंपरा को बरकरार रखते हुए, देश के श्रम कानून का सम्मान करते हुए, मनमानी और एकतरफा फैसले को थोपने की कोशिश बंद करें एवं सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाकर मजदूरों की न्यायोचित मांगों और समस्याओं पर सकारात्मक द्विपक्षीय विमर्श से स्वस्थ वातावरण में निर्णय लेने की परिपाटी जारी रखें।मजदूरों के अर्जित वेतन का 39 माह का बकाया (एरियर) का भुगतान तत्काल करने और बोनस सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक फैसला करने की दिशा में पहल करें। देश भर से आए रिपोर्ट में देश का महत्वपूर्ण स्टील प्लांट भिलाई में हड़ताल के कारण ब्लास्ट फर्नेस को शटडाउन करना पड़ा। क्रेन ऑपरेटर के अभाव में एसएमएस सहित विभिन्न विभाग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और हड़ताल असरदार रहा।सेल के प्लांटो को कच्चे माल की आपूर्तिकर्ता लौह अयस्क खदानों में जबरदस्त हड़ताल हुई।राजहारा, नंदिनी, बुलानी, किरीबुरु सहित झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस एवं उड़ीसा ग्रुप ऑफ माइंस में हड़ताल का अच्छा असर देखा गया।



**कवर्धा।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन कवर्धा में दिखी बेहतर स्वच्छता ।



**कवर्धा।** शासकीय कार्यालय या घर के प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चे दिवाली के शुभ अवसर में पहुंचकर करते है सुआ नृत्य



**कवर्धा।** हरितिमा टीम के सदस्य सुनील दोषी की तरफ से कवर्धा वासियों को धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक बधाई ।

# आयुक्त के निर्देश पर चलाया जा रहा मच्छर उन्मूलन अभियान



**भिलाई, 29 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे हैं । जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की टीम बनाई गई है, जो बस्तियों में जाकर निरीक्षण करते हैं। संबंधित परिवार को समझाइश देते हैं । रैली निकालते हैं, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते हैं कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे । नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन पुरानी बस्ती के आस-पास कूलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफोस, जला आईल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उसके साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करते हुए बता रहे हैं कि पानी को उबालकर पिए, शुद्ध ताजा भोजन करें। बाहर के बासी खाद्य सामग्री खाने से बचें, किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, कंपकंपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डॉक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

## मां महामाया मंदिर के पास सड़क की सफाई की मॉनिटरिंग नपाध्यक्ष मनहरण ने की

**कवर्धा, 29 अक्टूबर।** सुबह से ही कोई ना कोई वार्डो में कही ना कही हर दिन सफाई की मॉनिटरिंग खड़े होकर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक साफ सफाई पर फोकस रखते है । जिसकी तारीफ अधिकतर पार्षदों ओर लोगो में भी होती हुई दिख रही है । तरुण छत्तीसगढ़ से उन्होंने कहा की हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना होगा और घर का कचड़ा सड़क पर ना फेंके और नाली में ना डाले । शतप्रतिशत स्वच्छता के लिए हम सभी की सहभागिता जरूरी है । मां महामाया मंदिर के पास की सड़को की साफ सफाई की मोनिटरिंग में सुबह सुबह नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक व्यस्त दिखे ।



## प्लास्टिक की थैली का प्रयोग पर्यावरण और स्वच्छता के लिए खतरनाक



**कवर्धा, 29 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में गांवों में अधिकतर दुकानों में प्लास्टिक की थैली का प्रयोग कर रहे है दुकानदार और ग्राहक भी बिना कपड़ा की थैली को लेकर दुकान पहुंचते है जो की चिंतनीय विषय है । सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी लाला राम चंद्रवंशी ओर पूर्व सतनाम समाज कबीरधाम अध्यक्ष अगम दास अनंत ने लोगों से विनम्र अपील की कपड़े का थैला लेकर ही जाए आज धनतेरस में खरीदारी करने जाएं ओर दुकानदार भी कपड़े का थैला में ग्राहकों को समान दे । जहां तहां देखिए झिल्ली पड़ी हुई दिखती है जो स्वच्छता अभियान को भी बर्बाद कर रही है ।

संपादकीय

# यह नारा तो गूंज रहा है देश भर में

कोई राजनीतिक दल यदि राजनीति में है, उसकी सफलता के लिए एक लोकप्रिय नारा जरूरी होता है। इससे उसकी जीत की संभावना चुनाव में बढ़ जाती है।इसके लिए कोशिश तो बहुत दल करते हैं लेकिन बरसों में किसी एक दल को कोई नारा लोकप्रिय होता है और जन जन की जुवाब पर होता है। पूरे देश में उस नारे की गूंज सुनाई देती है। ऐसा लगता है कि देश में एक ही राजनीतिक दल है जो सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, जिस पर जनता सबसे ज्यादा भरोसा करती है।कभी देश में कांग्रेस के बनाए नारे गूंजा करते थे। कभी उसके चुनाव चिन्ह को पूरे देश में गांव गांव में जाना पहचाना जाता था। कभी कांग्रेस नारा लगाया करती थी कि जात पर न पात पर,मुहर लगेगी हाथ पर। अब कांग्रेस के नारे इतिहास की बात हो गए हैं। बहुत दिनों से कांग्रेस कोई लोकप्रिय नारा नहीं बना सकी है। उसके पास न तो चुनाव जिताने वाला नेता है और न ही चुनाव जिताने वाला नारा है। मोदी युग में कांग्रेस नारे के मामले में हर चुनाव कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाती है। ज्यादातर चुनाव तो वह हार जाती है। एक साथ चार राज्यों के चुनाव होते हैं तो कांग्रेस एक राज्य में चुनाव जीतती है तो तीन राज्यों में चुनाव हार जाती है तो उसका एक कारण उसके पास प्रभावी नेता व प्रभावी नारे का न होना भी होता है। मोदी युग में तो भाजपा के बनाए नारे हर चुनाव में सबसे ज्यादा गूंजते रहते हैं। मोदी है तो मुमकिन है, अबकी बार भाजपा सरकार ऐसे ही नारे हैं जिनकी भाजपा की जीत में अहम भूमिका रही है। कांग्रेस इसका कोई काट किसी समय नहीं ढूंढ पाई है। राहुल गांधी ने एक समय में प्रयास किया लेकिन वह प्रयास सकारात्मन होने की जगह नकारात्मक रहा इसलिए उसका खास असर नहीं हुआ। जब पीएम मोदी ने देश की जनता से कहा था कि वह तो चौकीदार है, इस पर राहुलगांधी ने कहा था कि चौकीदार चोर है। पीएम मोदी कीतरफ से तब भाजपा व देश की जनता ने जवाब दिया था कि मैं भी चौकीदार हूं। इसके बाद राहुल गांधी ने 24 के लोकसभा चुनाव में खटाखट शब्द का अपने भाषणों में ऐसा प्रयोग किया वह पूरे देश में दुहराया गया लेकिन वह मजाक के रूप में। चुनाव हार जाने के बाद तो कांग्रेस और राहुल गांधी का खूब मजाक उड़ाया गया था कि लोगों के खाते में खटाखट एक लाख रुपए तो नहीं आया है। इसीके साथ राहुल गांधी व विपक्ष ने खुद को संविधान व आरक्षण के रक्षक व भाजपा को दोनों को दुश्मन बताकर अच्छा माहौल बना दिया लेकिन यह माहौल कुछ राज्यों तक ही सीमित रह गया और उसका फायदा कांग्रेस व विपक्ष को सीमित राज्यों में ही हुआ। यह कांग्रेस के लिए, विपक्ष के लिए अच्छा मौका था लेकिन वह पूरे देश में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने में सफल नहीं हुए। भाजपा भी चुनाव के दौरान कांग्रेस व विपक्ष के इस नारे की काट नहीं ढूंढ पाई थी, चुनाव के कई महीनों बाद भाजपा इस नारे की काट के तौर पर एक नारा बनाने में सफल रही है। भाजपा को यह नारा यूपी की सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया है। यह नारा है बंटोगे तो कटोगे। योगी आदित्यनाथ ने यह नारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार को बताने के लिए दिया था, लेकिन यह अब देश में लोगों को बहुत पसंद आ रहा है कि क्योंकि इसमें हिंदुओं के लिए एकता का संदेश है और एकता न होने पर क्या होगा इसके लिए आगाह भी किया गया है। हरियाणा चुनाव में भाजपा ने इसका प्रयोग खूब किया और इसका फायदा भाजपा को चुनाव में हुआ है। अब इस नारे को प्रयोग महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव में भी खूब किया जा रहा है। महाराष्ट्र में तो इसके पोस्टर जगहजगह लगे हुए हैं। योगी के बाद इस नारे का पीएम मोदी से लेकर आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागतव ने भी दोहराया है। इससे साफ है कि भाजपा इसे कांग्रेस के जाति जनगणना के काट केरूप में पेश कर रही है यानी लोगों को बताया जा रहा है कि कांग्रेस तो जाति के नाम पर हिंदू समाज को बांटना चाहती है, भाजपा हिंदू समाज को जागरूक कर रहा है कि कांग्रेस के झांसे में आए तो होगा क्या, होगा वही जो बांग्लादेश में हुआ। पिटोगे, मारे जाओगे, अपना घर, शहर व देश छोड़कर एक दिन भागना पड़ेगा। भाजपा देश की जनता को तो लोकसभा चुनाव से समझा रही थी कि कांग्रेस हिंदू समाज को जाति में बांटना चाहती है,उसे कमजोर करना चाहती है, ताकि कुछ जातियों को बहलाकर और मुस्लिम तुष्टिकरण कर सत्ता पर पहले की तरह काबिज हो सके। लेकिन उसके पास आम लोगों को समझाने के लिए कोई सरल नारा जैसा कुछ नहीं था। जब से यह नारा योगी आदित्यनाथ ने दिया है कि बंटोगे तो कटोगे तो भाजपा इस नारे का जमकर प्रयोग कर रही है, अब आरएसएस ने इसका प्रयोग करना शुरू कर दिया यानी अब भाजपा के पास हिदू समाज को जगाने व बताने के लिए सरल सा नारा है कि कोई कितना भी लालच दे बंटना नहीं है, बंटोगे तो कटोगे, यह बात हिंदू समाज के लोगों ज्यादा अच्छे से समझ आ रही है कि उनको बांटने की कोशिश की पहले भी की जाती रही है और आगे भी की जाती रहेगी, उसे बंटना नहीं है, उसे एक रहना है। यही उसके लिए अच्छा है, उसकी आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छा है। उसके देश के लिए अच्छा है, उसके देश के भविष्य के लिए अच्छा है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो इस चार शब्द के नारे ने कांग्रेस की पूरी चुनाव जीतने की रणनीति को फेल कर दिया है। वह लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकी, वह हरियाणा चुनाव नहीं जीत सकी, अब वह महाराष्ट्र व झारखंड की विधानसभा चुनाव भी नहीं जीत पाती है तो माना यही जाएगा कि भाजपा की जीत व कांग्रेस की हार में बंटोगे तो कटोगे नारे की भी अहम भूमिका थी और इस नारे की भूमिका आने वाले चुनाव में भी इसी तरह अहम रहने वाली है। बहुत दिनों के बाद भाजपा को पास ऐसा नारा है जो ब्रम्हास्त्र की तरह काम कर रहा है यानी भाजपा को जिताने व कांग्रेस को हराने के काम आ रहा है।

धनतेरस

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

ललित गर्ग



दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं। हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस ह्यआयुर्वेदह्न का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी



परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है। लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम कोरोना जैसी महामारियों को, युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे।

धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मयार्दाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है। समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी राय सोच समझकर देनी होगी। आपको अपने अधिकारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप यदि किसी काम को लंबे समय से करने के प्रयास कर रहे थे, तो आपके वह प्रयास सफल रहेंगे। आपकी माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसे आपको पूरी अवश्य करना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आपको यदि कोई समस्या चली रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी खूब रुचि रहेगी। व्यापार में आपको अच्छा लाभ देखने को मिल सकता है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी यदि किसी बात को लेकर नाराज चल रही थी, तो आपको उन्हें मनाने की कोशिश करनी होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ टेंशन भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है। यदि आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छे रहेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। यदि आप किसी नए वाहन की खरीदारी करना चाहते हैं, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है। कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह पूरा होगा। आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। यदि आपको कोई समस्या चली आ रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। कारोबार में आपको कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। खानपान पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, जो जातक नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें। आप अपने घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

तुला- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। जीवनसाथी के साथ आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। प्रॉपर्टी में आपको अच्छा लाभ मिल सकता है। आपका कोई पुराना लेनदेन उभर सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो, तो उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। शेयर मार्केट में निवेश करना अच्छा रहेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह भी फाइनल हो सकता है। आपको किसी बात को लेकर टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। संतान को किसी नई नौकरी के प्रयास भी बेहतर रहेंगे। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको बिजनेस में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई धन का लेनदेन सोच समझकर करें। पिताजी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी और आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। किसी नए काम के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको बचने की आवश्यकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है, नहीं तो वह फायदा उठा सकते हैं। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को धोखा मिलने की संभावना है, इसलिए साथी पर ज्यादा भरोसा ना करें। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। आप कोई जोखिम न उठाएं, नहीं तो समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। यदि आपने कोई लोन लेने के लिए अप्लाई किया था, तो वह भी आपको मिल सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने किसी परिवार के सदस्य से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। पारिवारिक समस्याओं से भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपकी कोई प्रॉपर्टी संबंधित डील फाइनल हो सकती है, जो आपको खुशी देगी। आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे भी आप आसानी से पूरा कर पाएंगे।

# वोकल फॉर लोकल उत्पादों संग मनाएं दिवाली !

सुनील कुमार महला



दीपावली रौशनी का त्योहार है। यह उमंग-उत्साह, उल्लास, खुशियों व आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप का त्योहार है। देखा जाए तो यह त्योहार पर्यावरण की रक्षा करने, पर्यावरण को शुद्ध, सुंदर व संतुलित रखने का भी त्योहार है। यह हमारे देश की सांस्कृतिक परंपराओं को जिंदा रखने, हमारे संस्कृति-संस्कार, बुराई पर अच्छाई की जीत का पावन व पवित्र त्योहार है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दीपावली पर पटाखों से होने वाला वायु व ध्वनि प्रदूषण जहां एक ओर हमारे पर्यावरण को दूषित कर रहा है वहीं दूसरी ओर इसके मानव व जीवों के स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरे प्रभाव पड़ रहे हैं। ऐसे में हम सभी को यह जरूरत है कि हम दीपावली को ग्रीन पटाखों, रंगोली, मांडणा, वोकल फॉर लोकल उत्पादों का प्रयोग कर मनाएं। हम दिवाली पर अपनों को गिफ्ट दें और गिफ्ट्स का आदान-प्रदान कर दिवाली मनाएं। आज हमारे यहां दिवाली पर चाइनीज लाइटों, झालरों की भरमार है और वे खूब बिक रही हैं। आज फैंसी लाइटों, सजावट के विभिन्न सामानों से हमारे बाजार पटेल पड़े हैं और बाजार में इनकी भरमार है। देसी सामान/देसी उत्पादों की ओर हालांकि लोग धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं लेकिन विशेषकर चीन में बने उत्पादों में आज भी हमारा विश्वास कुछ ज्यादा ही है, इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को भी कहीं न कहीं बट्टा लग रहा है। आज चायनीस खिलौने, पटाखे हर गली हर मोहल्ले बिकते देखें जा सकते हैं, क्यों कि ये बहुत सस्ते हैं। हमें यह चाहिए कि हम मिट्टी के दीपकों का इस दीपावली ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करें। बाजार से हम मिट्टी के दीयों के अलावा देसी सामान जैसे कि तोरन, बंदनवार, हैंगिंग व पानी वाले दीये, मेटल के धीरे खरीदें। बाजारी मिलावटी मिठाईयों से बचें और घर पर ही मिठाईयां तैयार करें अथवा किसी अच्छे ब्रांड या किसी अच्छी दुकान से बढ़िया मिठाईयां खरीदें। एक अनुमान के अनुसार दिवाली पर अपनों को गिफ्ट देने में करीबन 1.85 लाख करोड़ रुपए भारतीयों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है जो कि बहुत बड़ी धनराशि है। आज पारंपरिक मिठाईयों के स्थान पर महंगे एंड्रॉयड फोन, कपड़े, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स, गहने और अन्य उपहारों पर खर्च करने की होड़ बढ़ी है। हम सादगी, संयम को भूल रहे हैं और आधुनिकता के रंग में रंगकर त्योहारों के अर्थ को एक प्रकार से धूमिल कर रहे हैं। आज त्योहार पर दिखावा व बनावटीपन अधिक है। दिवाली पर पटाखे बजाया जाना आम बात है लेकिन हमें यह जानकारी होनी चाहिए कि पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य सांस संबंधी रोगों के मामले 30% तक बढ़ जाते हैं। पटाखों से निकलने वाला हानिकारक रसायनों से भरा धुआं बच्चों व बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से घातक होता है। वैसे भी हमारे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी नहीं आ रही है। आज हर जगह जहरीली हवा है। कोई भी आज मेट्रो सीटीज में बिना मास्क नहीं घूम सकते हैं। राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो दिल्ली समेत एनसीआर (नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम) में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। दिवाली के आसपास ही पराली का सीजन भी होता है। कुछ समय पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबर आई थी कि दिल्ली में वायु प्रदूषण विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 8 गुना अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों और बीमारियों ने साल 2021 में दुनिया भर में 8.1 मिलियन लोगों की जान ले ली, जिनमें से चार में से एक मौत भारत में हुई, यह चौंकाने वाला तथ्य है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि चीन (2.3 मिलियन मौतें) और भारत ( 2.1 मिलियन मौतें ) ने 2021 में वायु प्रदूषण से होने वाली दुनिया की 55% मौतों को साझा किया। पीटीआई की एक खबर के अनुसार भारत में सभी स्रोतों से होने वाले बाहरी वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 21 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। ह्यद बीएमजेह्न (द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल) में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 21 लाख 80 हजार लोगों की जिंदगी छीन लेता है। इस मामले में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण ही नहीं पटाखों से ध्वनि प्रदूषण भी बहुत होता है। पटाखे का जोरदार धमाका 160 डेसिबल तक होता है, जो मानव स्वास्थ्य के साथ ही धरती पर अन्य जीव-जंतुओं/प्राणियों के लिए बहुत ही घातक व खतरनाक साबित होता है। चिकित्सकों के अनुसार पटाखों से कान का पर्दा फटना, सुनाई कम देना, सीटी की आवाज, संपूर्ण बहरापन आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि शिवकाशी भारत के तमिलनाडु राज्य के विरुधुनगर जिले का एक शहर है, जो सबसे बड़ा पटाखा कारखाना में से एक है। यह शहर पटाखों और माचिस की फैक्ट्रियों के लिए जाना जाता है, जहाँ देश के 70% पटाखे और माचिस बनाये जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत पटाखा उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में ही सबसे अधिक पटाखे बनाए जाते हैं।

आज भी भारत मे पटाखा इंडस्ट्री में बूम देखने को मिलता है। यदि आंकड़ों की बात की जाए तो पिछले साल ही दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में खुदरा पटाखों की बिक्री ने छह हजार करोड़ रुपए का आंकड़ा छूलिया था, हालांकि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है लेकिन बावजूद इसके भी आज पटाखों की बिक्री धड़ल्ले से होती है और दीपावली के अवसर पर विशेषतया खूब पटाखे फोड़े जाते हैं। वास्तव में हमें दीपावली के अवसर पर यदि पटाखों का प्रयोग करना ही है तो हमें ग्रीन पटाखों का उपयोग करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि ग्रीन पटाखे दिखने और जलाने में सामान्य पटाखों की तरह ही होते हैं, लेकिन इनसे प्रदूषण कम होता है। इन्हें जलाने पर 40 से 50 फीसदी तक कम हानिकारक गैसें पैदा होती हैं। इनके इस्तेमाल से ध्वनि प्रदूषण में भी कमी देखी गई है। ग्रीन पटाखे सामान्य पटाखों की तुलना में आकार में छोटे और हल्के होते हैं, जिससे रॉ मैटीरियल का भी कम उपयोग होता है। ग्रीन पटाखे धूल को अवशोषित करते हैं और इनमें बेरियम नाइट्रेट जैसे खतरनाक तत्व नहीं होते हैं। वास्तव में इन पारंपरिक पटाखों में जहरीली धातुओं को कम खतरनाक यौगिकों से बदल दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित ग्रीन पटाखों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंजूरी दी है, इसलिए ग्रीन पटाखों का उपयोग करके हम अपनी परंपराओं का सम्मान करते हुए हमारे पर्यावरण व इस धरती की रक्षा भी कर सकते हैं। वास्तव में ग्रीन पटाखों के उपयोग के साथ ही हमें वोकल फॉर लोकल मतलब स्थानीय देसी उत्पादों के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को जहां एक ओर मजबूती मिलेगी, साथ ही साथ इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी पैदा होंगे। दीपावली के मौके पर हम दीए से लेकर रौशनी और सजावट के लिए विदेशी वस्तुओं विशेषकर चाइनीज लाइटों, झालरों, लड़ियों, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन हम अक्सर यह बात भूल जाते हैं कि दीपावली पर उन घरों में भी खुशियों के दीपक जलने चाहिए जो सड़क / फुटपाथ, ठेलों , रेहड़ियों या अन्य जगहों पर अपने हाथों से बनाए/तैयार स्थानीय उत्पाद बेचते हैं। आज हम मिट्टी के दीए कम इलैक्ट्रोनिक लाइटों, झालरों, लड़ियों को ज्यादा जलाते हैं और उनकी चमक-दमक से आकर्षित होते हैं और ऐसा करके हम बिजली की खपत तो अधिक करते ही हैं, हमारे स्थानीय उत्पाद तैयार करने वाले कारीगरों को भी कहीं न कहीं हतोत्साहित ही करते हैं। इलैक्ट्रोनिक लाइटों, झालरों को जलाने की बजाय मिट्टी के दीयों को जलाने से न हमें सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा ही मिलती है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का सादगीपूर्ण, पारंपरिक व सुंदर तरीका है। इसलिए हमें चाइनीज लाइट्स, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी विदेशी झालरों की बजाय दीयों का इस्तेमाल कर स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसका एक फायदा यह भी होगा कि इससे बिजली की भी खपत नियंत्रित होगी। हमें यह चाहिए कि हम दीपावली पर छोटे,मंझले, स्थानीय कामगारों, व्यापारियों, दुकानदारों, हस्त-शिल्पियों, कारीगरों को अधिकाधिक प्रोत्साहित कर वोकल फॉर लोकल अभियान को तवज्जो देनी चाहिए और हमारे देश की अर्थव्यवस्था, हमारे समाज को और अधिक मजबूत करना चाहिए। हमारी छोटी छोटी पहलों से ही बहुत कुछ संभव हो सकता है। तो आइए, इस दीपावली हम एक स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें और अपने भारत को सपनों का भारत बनाएं।

व्यंग्य

# सपने और बजट

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



एक बार की बात है, एक छोटे से गांव में एक किसान, गोपाल, रहता था। उसकी दिनचर्या सरल थी; सूरज निकलने से पहले वह उठता, खेतों में काम करता और दिन भर मेहनत करता। गोपाल का सपना था कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए, ताकि वे गांव की गरीबी से निकल सकें। लेकिन हर साल की तरह, इस साल भी बारिश की कमी के कारण उसकी फसलें सही नहीं हुईं।एक दिन, गोपाल अपने खेत में काम कर रहा था जब उसने देखा कि गांव के एक बड़े नेता, श्रीमती राधिका, अपने चमचों के साथ उसकी ओर आ रही हैं। राधिका के पास हमेशा एक अद्भुत '४१' होती थी, लेकिन गोपाल को उनकी आवाज में कोई खास खुशी महसूस नहीं हुई।अरे गोपाल, तुम क्यों इतने उदास हो? राधिका ने हंसते हुए पूछा।जी, मैडम, फसल अच्छी नहीं हुई और घर में खाने के लिए भी कुछ नहीं है, गोपाल ने सिर झुकाते हुए कहा।अरे, ये तो कोई बात नहीं है। हमारा नया बजट आने वाला है। उससे तुम्हारे जैसे बहुत से किसानों को मदद मिलेगी। हम हर समस्या का हल निकालेंगे, राधिका ने अपने चमचों को देखकर कहा, जो उनके समर्थन में सिर हिलाने लगे।राधिका ने गोपाल की चिंता को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया। गोपाल ने सोचते-सोचते कहा, मैडम, लेकिन क्या यह बजट वाकई हमें मदद करेगा? क्या हमें यह आशा करनी चाहिए कि हमारी फसलें सुरक्षित होंगी?राधिका ने एक मुस्कान बिखेरते हुए कहा, हमारा बजट बहुत अच्छा है। इसमें आपके लिए कई योजनाएं हैं। और वे वहां से चली गईं।कुछ दिनों बाद, गांव में बजट का ऐलान हुआ। सब गांव वाले उत्सुकता से इकट्ठा हुए। राधिका ने मंच पर आकर बोलना शुरू किया। मेरे प्यारे किसानों! हमारे नए बजट में आपके लिए बहुत सारे लाभ हैं। हम आपको सहायता राशि देंगे।सभी किसान ताली बजाने लगे, लेकिन गोपाल को कुछ अजीब सा महसूस हुआ। क्या यह सच में हमें मदद करेगा? वह सोचने लगा। उसकी आँखों के सामने उसके बच्चों का चेहरा आ गया। वह उन बच्चों के सपनों को नहीं भूल सकता था।बजट के अंत में, राधिका ने कहा, हम सबको मिलकर काम करना है। मैं आपको आश्वासन देती हूँ कि हमारे गांव में कोई भी किसान भूखा नहीं रहेगा। लेकिन क्या यह आश्वासन सच में पूरा होगा?बजट के एक महीने बाद, गोपाल ने देखा कि कुछ किसान तो फिर भी भूखे थे, और कुछ ने अपने खेत बेच दिए थे। वह राधिका के पास गया। मैडम, क्या आपने हमारी समस्याओं को सुना है? क्या आपका बजट वाकई हमारी मदद करेगा?राधिका ने एक बार फिर वही उत्तर दिया, देखो, हमें हर समस्या का हल निकालना होगा। हम जल्द ही स्थिति में सुधार करेंगे।गोपाल का दिल टूट गया। लेकिन क्या हमारी मेहनत की कोई कीमत नहीं है? क्या आपके वादे केवल शब्दों की परत हैं?राधिका ने कोई जवाब नहीं दिया। गोपाल का मन भारी हो गया। उसने अपने बच्चों की यादों में खोते हुए सोचा, क्या वे कभी स्कूल जा पाएंगे? क्या उनका भविष्य सिर्फ वादों पर निर्भर करेगा?वहां से लौटते वक्त गोपाल ने आसमान की ओर देखा, जैसे कि वह खुद से पूछ रहा हो, क्या उम्मीदें और सपने केवल एक बजट में समा सकते हैं? उसकी आँखों में आंसू थे, और दिल में एक गहरी निराशा।गांव में बजट की धूमधाम थी, लेकिन गोपाल को पता था कि असली समस्या अब भी वहीं थी, और वह चुपचाप अपनी कड़ी मेहनत के फलों के लिए इंतजार कर रहा था। उसकी आंखों में आंसू थे, जो अपने सवाल के साथ एक बार फिर बहे—क्या हमारा संघर्ष कभी खत्म होगा?

## लोग कच्चे लहसुन को मानते हैं हर बीमारी का इलाज, क्या यह मिथक है या सच्चाई?

कच्चे लहसुन के सेवन के फायदों को लेकर कई मिथक प्रचलित हैं। लोग मानते हैं कि कच्चा लहसुन हर बीमारी का इलाज है और इसे खाने से सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं।हालांकि, क्या यह सच में इतना प्रभावी है? आइए इस लेख में इस मिथक के पीछे की सच्चाई को समझते हैं और जानते हैं कि क्या वाकई में कच्चा लहसुन हर बीमारी का इलाज हो सकता है या नहीं।

**कच्चे लहसुन के स्वास्थ्य लाभ**-लहसुन में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं।यह सच है कि रोजाना की डाइट में लहसुन शामिल करने से प्रतिरक्षा मजबूत होती है और छोटी-मोटी बीमारियों से बचाव होता है।इसके अलावा, लहसुन का सेवन सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं को भी कम करता है। हालांकि, केवल कच्चा लहसुन खाने से सभी बीमारियां ठीक हो जाएंगी, यह सोचना गलत होगा।इसके लिए संतुलित डाइट और स्वस्थ जीवनशैली भी जरूरी है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक**-लहसुन का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद एलिसिन नामक तत्व रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद करता है।यह तत्व रक्त वाहिकाओं को भी स्वस्थ रखता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। हालांकि, दिल को दुरुस्त रखने के लिए केवल कच्चा लहसुन ही पर्याप्त नहीं होता।इसके लिए संतुलित डाइट और एक्सरसाइज भी जरूरी होती है.

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के पद के लिए 5 नवम्बर तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 29 अक्टूबर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पुरनतरई स्कूल पारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 पद एवं टेकनार कतियारपारा में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित करने के पश्चात 25 अक्टूबर को विहित मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन कर मूल्यांकन सूची तैयार की गई है। उक्तानुसार सूची को दावा आपत्ति हेतु जारी किया गया है। इस संबंध में दावा आपत्ति 05 नवम्बर 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा में प्रस्तुत किया जा सकता है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बस्तर ग्राम पिपलावण्ड निवासी ताराबती की मृत्यु कुंआ के पानी में डूबने से पति श्री समलू को चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित के बैंक खाते में शीघ्र अंतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार बस्तर को दिए गए हैं।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** जिला प्रशासन द्वारा 29 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ''रन फॉर यूनिटी'' का आयोजन किया जा रहा है. दौड़ मे स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षण संस्थाओं के बच्चे, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारी भाग लेगें। ''रन फॉर यूनिटी'' दौड़ प्रातः 7.30 बजे दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदिर, हाता ग्राउंड होते हुए, बस्तर हाई स्कूल के सामने से, गोल बाजार चैक से मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। खेल विभाग ने ''रन फॉर यूनिटी'' के अवसर पर सभी से आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

### शक्ति पंप्स ने वित्तीय वर्ष में किया शानदार प्रदर्शन

**रायपुर 29 अक्टूबर।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के हालिया प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने एक और तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि और लाभप्रदता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी हुई है। इसने वित्तीय वर्ष की पहली छः माही को भी महत्वपूर्ण बना दिया है। हमारी उपलब्धियाँ डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों क्षेत्रों में ऑर्डर के तेज एक्सक्यूशन का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रॉफिट मार्जिन में भी उल्लेखनीय विस्तार देखा गया, जो मुख्य रूप से इकोनॉमीज ऑफ स्केल के साकार होने के कारण हुआ है, जिसे तिमाही के दौरान बढ़ी हुई ऑपरेशनल ऐक्टिविटी द्वारा बेहतर बनाया गया था। हमारे आर्डर का प्रवाह मजबूत बना हुआ है, सितंबर 2024 तिमाही के अंत तक, हमारी कंपनी की बकाया ऑर्डर बुक लगभग रु. 1,800 करोड़ थी। पीएम-कुसुम योजना में अग्रणी स्थिति को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हमें भविष्य में भी बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिलते रहेंगे, जो हमारे निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### बस्तर ओलंपिक में डेढ़ लाख से अधिक प्रतिभागियों ने करवाया पंजीयन

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों के युवाओं को मुख्य धारा से जोडने़ के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन 1 नवंबर से किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक में एथलेटिक खेल में 100 मीटर, 200 मी, 400 मी दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, शॉटपूट, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो एवं रिले रेस इस प्रकार नौ अलग-अलग विधा में खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त तीरंदाजी इंडियन राउण्ड 30 मीटर, 50 मीटर, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं रस्साकसी खेल शामिल होंगे। हॉकी तथा वेटलिफ्टिंग सीधे जिला स्तर से प्रारंभ होंगे। शेष सभी खेल में विकासखण्ड स्तर से प्रतियोगिता होगी। रस्साकसी प्रदर्शनात्मक होगी, जो सीनियर वर्ग में महिलाओं के लिए आयोजित की जाएगी। जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग में बालक-बालिकाएं एवं महिला-पुरुष भाग लेंगे। प्रदेश के गृह एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस ओलंपिक में भाग लेने के लिए अब तक डेढ़ लाख से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन करा लिया है। इसमें प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए 30 अक्टूबर अंतिम तिथि तय की गई है। बस्तर ओलम्पिक के लोगो और मस्कट का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जल्द करेंगे। खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने बताया कि अब तक बस्तर ओलम्पिक के लिए 77 हजार 74 पुरुष एवं 74 हजार 704 महिलाओं को मिलाकर कुल 1 लाख 50 हजार 778 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन करा लिया है। इसमें पंजीयन के लिए 30 अक्टूबर अंतिम तिथि तय की गई है। बस्तर संभाग के सभी 7 जिलों बस्तर, कांकेर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर एवं बीजापुर में विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 1 नवम्बर से 20 नवम्बर के मध्य सम्पन्न होंगे। जिला स्तरीय आयोजन 21 से 26 नवम्बर के मध्य सम्पन्न होंगे। संभाग स्तरीय आयोजन दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में संभावित है।

### कलेक्टर व एसपी के नेतृत्व में बस्तर ओलंपिक जागरूकता मोटर साइकिल रैली आयोजित

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** बस्तर ओलंपिक 2024 को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने और लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज रविवार सुबह कलेक्टर हरिस एस .और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे सहित खेल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ीगण और युवा शामिल हुए। यह जागरूकता रैली प्रियदर्शनी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

# जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन की दिशा में मिलकर काम करने की जरूरत:चतुर्वेदी

## जल व प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विषय पर जिला पंचायत में हुई कार्यशाला, सामुदायिक सहभागिता पर दिया गया जोर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 अक्टूबर।** जिले में जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहे इसके दुष्प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन और ''ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया'' द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले में जल और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर विचार विमर्श करना था। कार्यालय में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले में भूजल का स्तर बढ़ाने पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है। जिले में वर्षा की स्थिति अच्छी



रही है, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण हेतु एक उत्कृष्ट रणनीति बनाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गांवों में पहले की अपेक्षा तालाब या डबरी निर्माण की मांग में कमी आई है, इसके लिए ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए उन्हें जागरूक किया जाना बेहद जरूरी है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल संसाधनों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाएं बनाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभाग जैसे वन, पंचायत, समस्त जनपद पंचायत, महात्मा गांधी नरेगा, कृषि, जल संसाधन, पी.एच.ई, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, एन.आर.एल.एम, स्किल डेवलपमेंट, कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, समुदायों के लोग और गैर-सरकारी संगठनों ने भाग लिया। कार्यशाला में सभी जल संरक्षण, भूमि क्षरण, जैव विविधता और कार्बन उत्सर्जन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की। इसके साथ ही ट्रांसफॉर्म रुरल इंडिया से आये विशेषज्ञ सीनियर प्रैक्टिशनर आशुतोष नंदा प्रैक्टिशनर मुकेश ठाकुर एवं प्रैक्टिशनर पलाश अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ही जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और जिले के प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का एक उचित उपाय है। उपरोक्त विशेषज्ञों ने भूमि, जल, वन और जैव विविधता का एकीकृत तरीके से प्रबंधन करने को बेहद जरूरी बताया।

# राज्योत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 नवम्बर को

**धमतरी 29 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव का एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम आगामी 5 नवम्बर को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल में कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग, मत्स्य विभाग, उद्योग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, स्कूल शिक्षा और समाज कल्याण विभाग द्वारा विभाग के विशेष उपलब्धियों एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शनी लगाया जाएगा। कलेक्टर ने राज्योत्सव 2024 के सफल एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला



पंचायत को राज्योत्सव 2024 का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा कलाकारों के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण, समय पूर्व मोमेंटो, स्मृति चिन्ह इत्यादि के नमूना कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत पर्याप्त संख्या में रखने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में सुरक्षा एवं यातायात की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक की होगी, वहीं बेरिकेटिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी द्वारा की जाएगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को आमंत्रण पत्र प्रारूप तैयार करने और कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाने, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी और तहसीलदार धमतरी को सहायक नोडल अधिकारी सहित बैठक व्यवस्था और आमंत्रण पत्र वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह आयुक्त नगरनिगम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भा./सं संभाग धमतरी को मंच व्यवस्था, बेरिकेटिंग, बैठक, स्टेज निर्माण, लेआउट विभागीय प्रदर्शनी हेतु पंडाल व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया। विद्युत विभाग को नियमित विद्युत आपूर्ति, जनरेटर और साउंड सिस्टम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी को स्थानीय कलाकारों की व्यवस्था, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन को मंच संचालन हेतु उद्घोषक की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। आयुक्त नगरनिगम को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, पानी के टेंकर, जिसमें नल टोटी युक्त, आवश्यकतानुसार महिला, पुरूष टॉयलेट की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रीति दुर्गम, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र और सहायक संचालक मछलीपालन विभाग को कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागीय प्रदर्शनियों का सुव्यवस्थित प्रदर्शित करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# धनतेरस को जिले के 277 परिवार करेंगे गृह प्रवेश

■ प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनमन योजना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 29 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित जिले के 277 परिवार आगामी धनतेरस को गृह प्रवेश करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 121 और प्रधानमंत्री जनमन योजना के 156 परिवार शामिल हैं।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव की लगातार मानिटरिंग एवं विडियो कांफ्रेंस के जरिए संबंधित अधिकारीयों से प्रगति की समीक्षा की जा रही है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। अपने खुद के पक्के मकान में प्रवेश करने के लिए विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार परिवार सहित अन्य लाभान्वित हितग्राही परिवार काफ़ी उत्सुक हैं।

जिले के विकासखंड धमतरी में



8224, कुरुद में 10452, मगरलोड में 7475, नगरी में 13263, कुल 39 हजार 414 परिवारों को योजना के तहत आवास मिला। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के 121 और प्रधानमंत्री जनमन योजना के 156 परिवार धनतेरस के दिन गृह प्रवेश कर उत्सव मनायेंगे। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ेली निवासी श्रीमती मुन्नी बाई कमार जो अपने पति रतनूराम कमार के साथ मजदूरी करती हैं, ने बताया, अब हमें पक्का आवास के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता। बरसों का सपना पूरा हुआ। प्रधानमंत्री आवास बनने से हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इस सुविधा से न केवल उनकी दैनिक गतिविधियाँ आसान हुई हैं बल्कि यह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से एक सकारात्मक सोच के कारण बदलाव आया है।

### नव पदस्थ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने संभाला पदभार

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी 29 अक्टूबर।** जिले के नव पदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक के रूप में पदस्थ रही है। साथ ही श्रीमती प्रजापति पशुपालन विभाग की उप सचिव एवं बेमेतरा, बलरामपुर, कोरिया, जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का दायित्व संभाल चुकी है। पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभाग की कार्यों की जानकारी ली। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एक टीम के रूप में मिलकर उत्कृष्टता और गुणवत्ता के साथ कार्य करें। जिससे जिले को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उच्च स्तर पर स्थापित किया जा सके।

### नारंगी नदी के किनारे जंगल से 7 लोगों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार

**कोंड़ागांव 29 अक्टूबर।** जिले के थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम कोपाबेडा से नारंगी नदी के किनारे जंगल में कुछ लोग ताश के 52 पत्ते से रूपये पैसे का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे कि मुखबीर द्वारा सूचना पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे व्यक्ति 1. सगन शोढी पिता लुदु राम शोढी 2. आसुतोष तिवारी पिता आशिष तिवारी, 3. संन्ता सिह सोढ़ी पिता सुकमन सोढ़ी 4. शंकर मण्डावी पिता परउ राम मण्डावी 5. अरुण सोरी पिता स्व0 विजय सोरी 6. देवेन्द्र कुमार नेताम पिता स्व गुडित्रया राम नेताम 7. रुपसिंह पोयाम पिता मंगल साय पोयाम को पकडे जिनके पास व फड से नगदी रकम 6 हजार रूपये, मोबाईल 6 नग, मोटर सायकल 6 नग को जप्त कर थाना कोण्डागांव में अपराध कमांक 345/2024 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल म.प्रआर 316 संतोषी मण्डावी, प्रआर 255 सनित सोरी, आर 571 मोहन क्षत्रिय व साइबर सेल का योगदान रहा।

### कलेक्टर ने आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**कोण्डागांव, 29 अक्टूबर।** साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण के निर्देश किए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कोण्डागांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमड़ी के आश्रित ग्राम चाचीबेड़ा के ग्रामीणों ने नया आंगनबाड़ी खोलने की मांग की। ग्रामवासियों की मांग पर कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मर्दापाल तहसील के कोरहोबेड़ा, ग्राम-कीलम के ग्रामवासियों ने बिजली की सुविधा देने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम-कीलम के कोरहोबेड़ा में आज पर्यन्त बिजली नहीं पहुंच पाई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर बिजली व्यवस्था प्रदाय करने हेतु सीएसईबी के अधिकारी को निर्देशित किया।

## ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से पशु मालिकों को जागरूक करने पर दिया बल

# कमिश्नर ने घुमंतू पशुओं के नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण हेतु जिलों में की गई कार्यवाही की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण के लिए हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के कितने स्थानों का चिन्हाकंन किया गया है, जिले में कितने पशुओं में रेडियम पट्टी लगाया गया है, सड़क के किनारे समतल एवं सूखे कितने स्थान का चिन्हांकन किया गया है, घुमन्तुक पशुओं के मालिकों को समाझाईश के लिए कितने समिति का गठन किया गया है, कितने जन चैपाल के माध्यम से पशु मालिकों को समझाईस दी गई है, नोडल अधिकारी के नाम उनके संपर्क नम्बर एवं




हेल्पलाईन का नम्बर जारी करने, घुमन्तुक पशुओं के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कितने-कितने कांजी हाऊस की व्यवस्था की गई है, जिलें में गौशाला की संख्या एवं पशु रखे जाने की क्षमता, गौ-अभ्यारण, जिले में उपलब्ध काउ केचर की स्थिति, ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से पशु मालिकों को जागरूकता के लिए समझाईश, अर्थदण्ड की कितनी राशि वसूल की गई और पशुओं के कारण दुर्घटना की स्थिति की समीक्षा की गई। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और प्रभारी अधिकारियों ने जिलों में की गई कार्यवाही से अवगत करवाया। कमिश्नर ने कहा कि फसल कटाई के बाद पशुओं की मैदान में छोड़ने की संभावना है उसके लिए भी आवश्यक तैयारी रखें। उन्होंने आवारा पशुओं के नियंत्रण हेतु समय-सीमा की बैठक में भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही समतल स्थल में लाईट की व्यवस्था करने तथा पशु उपचार हेतु संचालित गाड़ी को चिन्हाकित स्थल पर जाकर पशुओं का स्वास्थ्य जांच करने कहा। कमिश्नर ने जिलों में आवारा पशुओं के नियंत्रण हेतु अच्छे काम करने वाले पंचायतों को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित किए जाने कहा। आवारा एवं घुमन्तुक पशुओं के नियंत्रण के लिए स्थाई समाधान की पहल करते हुए कांजी हाऊस की क्षमता बढ़ाने और प्राईवेट संस्था के गौ-शाला संचालकों से सम्पर्क कर पशु नियंत्रण पर जिलों में काम करवाने के लिए कार्य करें। गौ अभ्यारण के लिए जमीन चिन्हाकन कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें। काऊ केचर की संख्या बढ़ाया जाए टेऊफिक पुलिस के साथ समन्वय कर दुर्घटना जन्य क्षेत्र का चिन्हाकन करें।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले गिरफ्तार



**बचेली 29 अक्टूबर।** 23 अक्टूबर को आरोपी रामू नाग ऊर्फ कान्चा पिता मोहन नाग उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 लेबरहाटमेंट पुराना मार्केट बचेली के द्वारा नाबालिक बालिका के साथ छेड़खानी किया है प्रार्थिया द्वारा दिनांक 27.10.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को घटना की जानकारी दी गई। जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौरव राय जिला दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) स्मृतिक राजनाला, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा, किरन्दुल के मागदर्शन में महिला एवं बच्चो संबधित अपराधों की रोकथाम एवं मामले की गंभीरता हो देखते हुये आरोपी को तत्काल गिरफतार करने दिशा-निर्देश प्राप्त होने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को 12 घण्टे के अंदर गिर0 कर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर आरोपी को जिला जेल दंतेवाड़ा दाखिल की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में सउनि. ज्योति बंजारे, प्रहलाद निर्मल, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी ध्रुव, आरक्षक हीरा कुमार रात्रे, मनोज साहू की सराहनीय भूमिका रही।

### शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ''जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत'' विषय पर हुई कार्यशाला

**दंतेवाड़ा, 29 अक्टूबर।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा से दी गई जानकारी अनुसार विगत दिवस महाविद्यालय में ''जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत - ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री चैतराम अटामी, उपस्थित थे। इस कार्यशाला में सह प्राध्यापक (वानिकी ) शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर डॉ.संजीवन भूआर्य ने इस विषय पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके अलावा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि जनजातीय समाज सदियों से अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित करता आया है। पूर्वजों द्वारा एक समृद्ध विरासत सौंपा गया है, जिसे आगे बढ़ाना होगा। समाज ऐतिहासिक रूप से संघर्ष और बलिदान का प्रतीक रहा है। और उनके द्वारा अपनी स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी गई है। समाज की व्यवस्था में सहयोग, समानता और न्याय की भावना हमेशा से विद्यमान रही है। समाज में हर व्यक्ति को सम्मान और अधिकार मिलता है आध्यात्मिक परंपरा जनजातीय समाज के जीवन के मूल्यों को समझने में मदद करती हैं। यह समाज के ऐतिहासिक संघर्ष, सामाजिक व्यवस्था और आध्यात्मिक परंपराओं को भी रेखांकित करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्ना बाला मोहंती, डॉ. के. एम. प्रसाद, सुश्री धारना ठाकुर, श्री राजीव पानीग्राही,श्रीमती रेशमा एक्का, श्री बंशीधर चौहान, श्रीमती सरला पैकरा, श्री सिद्धार्थ देवागन, श्री अमीत साहू समस्त अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी, एवं छात्र छात्राएं उपस्थित

### विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल ऑनलाइन पंजीयन के विषय में निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा, 29 अक्टूबर।** जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विज्ञान एवं गणित प्रोत्साहन योजना को छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है। इस संबंध में कक्षा 11वीं व 12वीं के पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन, सत्यापन हेतु 25 अक्टूबर से लिंक, पोर्टल उपलब्ध कराते हुए 15 नवम्बर 2024 के पूर्व पंजीयन, सत्यापन पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में विज्ञान (मैथमेटिक्स बायोलॉजी) संकाय लेने वाले पात्र विद्यार्थियों का आवेदन स्कूल लॉगिन से किया जाना है। विद्यार्थी के कक्षा 10वीं के रोल नंबर के माध्यम से पंजीयन किया जा सकेगा। लाभार्थी की व्यक्तिगत जानकारी सीजीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणाम से प्राप्त होगी। कक्षा 10वीं 11वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थी ही पात्र होगें। (दिव्यांग विद्यार्थी हेतु 10 प्रतिशत की छूट) केवल साइंस ग्रुप-1- मैथमेटिक्स, 2-बायोलॉजी संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। लाभार्थी के बैंक खाते से संबंधित सभी जानकारी बैंक पासबुक के अनुसार दर्ज किया जाएगा। ''राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा'' में चयन हुये विद्यार्थी इस योजना हेतु पात्र नहीं है। सभी जानकारी अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में भरा जाना अनिवार्य रहेगा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मवेशी लेकर जा रहे युवक को मारी टक्कर, उपचार के दौरान हुई मौत

**जगदलपुर 29 अक्टूबर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तोकापाल के पास बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पैदल मवेशी लेकर जा रहे युवक को टक्कर मार दिया, घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं उसके साथ आया एक अन्य युवक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गया, वहीं शव का आज सोमवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। परपा पुलिस जानकारी के अनुसार सुकमा जिले के कुकानार निवासी युवक देवा उम्र 35 वर्ष अपने साथी हूंगा के साथ पामेला बाजार में रविवार की सुबह मवेशी खरीदने के लिए आया हुआ था, मवेशी को खरीदने के बाद देर शाम अपने साथी युवक के साथ पैदल वापस कुकानार मवेशी लेकर जा रहा था। इसी दौरान तोकापाल के पास रात करीब 10 बजे जगदलपुर से कोड़ेनार की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक देवा को ठोकर मार दिया। इस घटना में जहां देवा को गंभीर चोट आई, वही हूंगा इस घटना में बाल-बाल बच गया। घायल युवक देवा को परपा पुलिस व स्थानिय लोगों ने उपचार के लिए मेकॉज लेकर आये, जहां उपचार के दौरान घायल युवक देव की मौत हो गई। सोमवार को मृतक युवक देव का पोस्टमार्टम किया गया।

## एक नजर

### 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का होगा प्रारंभिक प्रकाशन

**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2025 जिले में सम्पन्न कराया जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 29 अक्टूबर 2024 दिन-मंगलवार को जिले के समस्त मतदान केन्द्रों एवं विहित स्थानों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक समस्त मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों एवं अविहित अधिकारियों द्वारा दावा/आपत्तियां प्राप्त करेंगे। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन पश्चात् निर्वाचक नामावलियों की प्रति बूथ लेवल अधिकारी/अविहित अधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे जहां आम जनता/मतदाता निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर सकते हैं यदि निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज नहीं है तो फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही कर सकते हैं एवं किसी मतदाताओं के स्थायी रूप से अन्यत्र चले जाने अथवा मृत्यु हो जाने की स्थिति में फार्म-7 भरकर निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित करने हेतु आवेदन भरा जा सकता है। इसी प्रकार यदि किसी प्रकार की संशोधन की आवश्यकता हो तो मतदातागण फार्म-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही कर सकते हैं।आयोग के निर्देशानुसार 'एक पात्र नागरिक, जो 18 वर्ष में पश्चातवर्ती अर्हता तारीखों अर्थात् 01 अप्रैल 2024, 01 जुलाई 2024 या 01 अक्टूबर 2024 में से किसी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला है, वह भी सूचना की तारीख से, अग्रिम में, प्ररूप 6 में निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए दावा कर सकेगा और उस पर संबंधित अर्हता तारीख के संदर्भ में संबंधित तिमाही में विचार और विनिश्चय किया जाएगा।

### उर्वरक नमूना मिला अमानक, दो उर्वरक विक्रेता का भण्डारण एवं वितरण किया गया प्रतिबंधित

**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में उर्वरक निरीक्षक श्री विनोद कुमार पटेल ने जिले के दो उर्वरक विक्रेता के द्वारा भंडारित किए गए उर्वरक नमूना अमानक पाये जाने के फलस्वरूप जैव उर्वरक स्कंध के भण्डारण एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स फर्टीलाईजर्स जूटमिल रोड रायगढ़ के द्वारा उर्वरक पी.एस.बी.(तरल) तथा मेसर्स किसान इंटरप्राईजेस जूटमिल रोड रायगढ़ द्वारा सिटी कम्पोस्ट उर्वरक का भण्डारण किया गया था। उक्त नमूना को जैव एवं कार्बनिक उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला लभांडी, रायपुर भेजा गया। जिसमें प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार उक्त दोनों उर्वरक नमूना अमानक पाया गया।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन के लिए संविदा स्वीकृत पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु संविदा पर 08 पदों हेतु पूर्व में आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें जिला मिशन समन्वयक (अनारक्षित-01 पद), जेण्डर विशेषज्ञ (अनारक्षित 01 पद), वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ (अनारक्षित 01 पद), कार्यालय सहायक (अनारक्षित-01 पद) एवं मल्टी टास्क स्टाफ (अनारक्षित-01 पद) की नियुक्ति आदेश जारी कर संबंधित अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से नियुक्ति आदेश प्रेषित कर 10 दिवस के अन्दर कार्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### सीएमएचओ ने आरोग्यम सभाकक्ष में ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जिला मुख्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनसीडी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए एवं कार्यक्रमों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. भानु पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ केनन डेनियल नोडल अधिकारी, डॉ सुमित मंडल नोडल अधिकारी, सुश्री रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं डाटा मेनेजर उपस्थित रहे।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह में अधिकारी-कर्मचारियों ने ली 'सत्यनिष्ठा' की शपथ



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने आज प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2024 तक 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिवस आज सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा अनुसार समस्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई।

# बॉक्स क्रिकेट-बैडमिंटन कोर्ट से निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा:ओपी चौधरी

■ वित्त मंत्री चौधरी ने 57 लाख की लागत से बने बॉक्स क्रिकेट बैडमिंटन कोर्ट एवं स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण का किया लोकार्पण



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने गोरखा हाई स्कूल परिसर में 57 लाख 4 हजार की लागत से बने बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन कोर्ट एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन कोर्ट से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर 12 लाख किसानों के खाते में 2 साल के बोनस के रूप में 3716 करोड़ रुपया ट्रांसफर करने का कार्य किया गया। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल धान खरीदी, प्रधानमंत्री आवास निर्माण की मंजूरी के साथ महतारी वंदन योजना को लागू करने का काम किया गया है। जिससे प्रत्येक महीने माता बहनों को 1 हजार रूपये की राशि ट्रांसफर किया जा रहा है।

रायगढ़ को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए बहुत बड़े-बड़े प्रोजेक्टस को आगे बढ़ाया जा रहा है। नालंदा परिसर बनाने के लिए एनटीपीसी लारा से 42.56 करोड़ का एमओ किया गया है। इससे राष्ट्रीय स्तर की लाइब्रेरी का निर्माण होगा, जिससे हम सब के बच्चे, आने वाली पीढ़ी को एक नई ऊंचाई पर पहुंचने में सबको मदद मिलेगी और वे राष्ट्रीय पर अपना नाम रोशन कर सकेंगे। हॉर्टिकल्चर कॉलेज के काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रयास विद्यालय जिसमें आठवीं क्लास के बाद बच्चों को 9 वीं क्लास से पढ़ाई के साथ आईआईटी, मेडिकल प्रवेश की तैयारी कराई जाती है। छत्तीसगढ़ के संभाग मुख्यालय से अलग पहली बार प्रयास विद्यालय की स्थापना रायगढ़ में हुआ है। आज बॉक्स क्रिकेट, बैडमिंटन कोर्ट स्थापित किया गया है, ताकि हमारे इस अंचल के बच्चे और खिलाड़ी यहां खेलकर अपनी प्रतिभा और तराश सकें। ऐसे ही क्षेत्र के विकास कार्यों को ज्यादा से ज्यादा और आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, एमआईसी सदस्य श्री शेख सलीम नियारिया, श्री रमेश भगत, पार्षद श्री पंकज कंकरवाल, श्री सीनू राव, श्री रूपचंद पटेल, श्री नारायण पटेल, श्रीमती निर्मला विनोद पटेल, श्री उमेश अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, गोरखा हाई स्कूल के शिक्षक एवं स्टाफ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पटाखा दुकानों का प्रशासन,पुलिस एवं निगम की टीम ने किया निरीक्षण,सुरक्षा के दिए निर्देश

**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के नेतृत्व में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, सीएसईबी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने मिनी स्टेडियम चक्रधरनगर में लगे पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पटाखा व्यापारियों को दुकान में एबीसी टाइप फायर उपकरण, रेत और पानी का पर्याप्त प्रबंध रखने के निर्देश दिए तथा फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की गई इस दौरान। फायर सेफ्टी के कर्मचरियों ने फायर उपकरणों को सही तरीके से उपयोग करने का डेमो दिया गया।दुकानदारों को शॉर्ट सर्किट से बचाव के लिए तारों को व्यवस्थित करने और रात्रि सुरक्षा हेतु कर्मचारी तैनात रखने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि दुकान के आसपास धूम्रपान न करें और पटाखों का प्रदर्शन न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, नगर निगम डिप्टी कमिश्नर श्री सुतीक्षण यादव, डीएसपी श्री अखिलेश कौशिक, तहसीलदार श्री शिव डनसेना, उप सेनानी नगर सेना श्री सुमित केसरवानी, एई के के पटेल, जेई संदीप, डीएसओ डॉ. डेनियल, नीति राज, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव, पटाखा संघ के एसके शाबरी, साजू खान और अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## नपाअध्यक्ष ,कलेक्टर ने एकता दिवस पर दौड़ की शुरुआत की

**महासमुंद 29 अक्टूबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 29 अक्टूबर को शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में एकता दौड़ का आयोजन सुबह 7-45 बजे से किया गया। एकता दौड़ का आयोजन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनिया चौक, गांधी चौक, नेहरू चौक होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाती हैं। दीपावली अवकाश होने के कारण 29 अक्टूबर को जयंती समारोह हर्ष के साथ मनाई जा रही हैं। आयोजन में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

## क्षमता विकास कैंप में पीएमश्री के 300 बच्चों ने लिया हिस्सा



रायगढ़, 29 अक्टूबर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के 07 विकास खंडों में संचालित 14 पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों का क्षमता विकास कैंप स्थानीय पीएमश्री नटवर शासकीय इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में आयोजित हुआ। इस तीन दिवसीय क्षमता विकास कैंप में विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को 29 प्रकार के हुनर से अवगत कराया गया। जिसे बच्चों ने पूरे मनोयोग से अपनी अभिरुचि के अनुसार सीखा। पीएमश्री विद्यालय के सहायक जिला नोडल अधिकारी एवं एपीसी श्री आलोक स्वर्णकार ने बताया कि इन गतिविधियों में मोबाइल मेटा से, कंप्यूटर से पाठ्य सामग्री सर्च करना, मिट्टी कला, पेपर कटिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण, भाषा सीखने की बारीकियों का ज्ञान, गणित के टेबल याद करने के तरीके, गणित की संख्याओं को आसानी से हल करने के तरीके, गणित के विभिन्न प्रकार के खेल सहित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस क्षमता विकास कैंप में सुश्री सोमा दास, श्री श्याम नारायण श्रीवास्तव, चित्रकला एवं लाइन पेंटिंग में मनोज श्रीवास्तव जैसे प्रशिक्षकों के द्वारा इन बच्चों को अनेक प्रकार के हुनर से अवगत कराया गया। प्रतिदिन शाम को भोजन के पश्चात विद्यार्थियों के अंदर छिपी अंतर निहित क्षमता परखने तथा मंच में भय को दूर करने के लिए उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ उनके मार्गदर्शन शिक्षक ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी प्रस्तुत की। अंतिम दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीएमसी नरेंद्र चौधरी ने शिक्षकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम पीएमश्री विद्यालय की स्थापना के बाद बच्चों के संपूर्ण विकास चाहे वह अकादमी विकास हो या सामाजिक विकास हो या सांस्कृतिक विकास हो हमें शासन के निर्देश के अनुसार पूर्ण करते हुए इन बच्चों को एक सफल एवं लाभकारी नागरिक बनाना है। इसके लिए हमें विशेष प्रकार से इन बच्चों को तैयार करना होगा तथा अतिरिक्त समय देना होगा। उन्होंने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र, पैंट शर्ट तथा मोमेंटो भी प्रदान किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राव, डी एम सी नरेंद्र चौधरी एवं पीएमसी विद्यालय के सहायक जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पीढ़ी जलाशय के शीर्ष कार्य, नहरों के लाईनिंग एवं मरम्मत के लिए मिली 5.88 करोड़ रुपए की स्वीकृति



**महासमुंद।** जिले के महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत पीढ़ी जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहरों के लाईनिंग, पक्के कार्यों के मरम्मत कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा करीब 5.88 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे क्षेत्र में सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और किसानों को पानी की कमी नहीं होगी। इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़ रही है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी सुविधाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से हमारी सरकार कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में हमारे क्षेत्र को भी करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि पीढ़ी जलाशय में विभिन्न कार्य कराए जाएंगे इसके लिए 5 करोड़ 88 लाख 15 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस कार्य के बाद योजना की रूपांकित सिंचाई 1073 हेक्टेयर में 232 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति होगी। साथ ही बचत जल से 30 हेक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इस प्रकार कुल 1103 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे हमारे किसान भाइयों को काफी राहत मिलेगी। हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसलिए सरकार बनने के बाद से ही किसान हित में लगातार फैसले ले रही है। आगामी समय में और भी विकास कार्यों की सौगात हमारे जिले और क्षेत्र को मिलती रहेगी।

## दिसम्बर में होने वाली थलसेना अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में हुई समीक्षा बैठक



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** आगामी 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक होने वाली राज्य स्तरीय शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सौपें गए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में थलसेना अग्निवीर भर्ती कार्यालय रायपुर से आए असिस्टेंट रिक्रूटमेंट ऑफिसर श्री रूबेश कुमार भी उपस्थित थे। शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थल रायगढ़ स्टेडियम में चिन्हांकित स्थानों पर बेरीकेटिंग एवं टेंट, चिकित्सा सुविधा, शारीरिक मापदंड, परीक्षण स्थल में सुविधाजनक नेटवर्किंग आवश्यकतानुसार लगातार विद्युत व्यवस्था एवं स्टेडियम में भर्ती के अनुकूल ट्रेकिंग निर्माण आदि की विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नेटवर्किंग से संबंधित बीएसएनएल एवं ईडिस्ट्रीक्ट मैनेजर, शिक्षा विभाग, रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, परिवहन विभाग तथा भर्ती रैली से संबंधित विभाग एवं रायगढ़ स्टेडियम के प्रभारी उपस्थित थे ।

## पीडी कालेज में विद्यार्थियों को दिलाई गई सत्यनिष्ठा की शपथ



**रायगढ़, 29 अक्टूबर।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह इस वर्ष सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का थीम है। जिसके उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग के श्री परमेश्वर कुर्रे सहायक अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग एवं श्री प्रवीण बंसल द्वारा पीडी कॉलेज रायगढ़ में श्रीमती ज्योति सोनी कार्यवाहक प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों के उपस्थिति में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई एवं उन्हें सतर्कता के संबंध में जागरूक किया गया। इसी तारतम्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आज रायगढ़ संभाग के डाकघरों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई एवं केन्द्रीय सतर्कता आयोग के वेबसाइट जाकर सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा/शपथ लेते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

### पीएमश्री के बच्चों को कराया मैत्रीबाग का भ्रमण

**राजनांदगांव 29 अक्टूबर ।** जिले के पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों को समर कैम्प अंतर्गत मैत्रीबाग भिलाई जिला दुर्ग का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम में 7 पीएमश्री विद्यालयों के लगभग 440 विद्यार्थी एवं शिक्षक व कर्मचारी शामिल थे। चिडियाघर में शेर चीता, बंदर, हिरण, नीलगाय, अजगर सफेद शेर, लकड़बघ्घा, विभिन्न प्रकार के बंदर सहित विभिन्न प्रकार के जानवरों एवं पक्षियों को देखकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान की झलक दिखाई दी। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेश एवं पालकों की सहमति से बच्चों को भिलाई स्थित मैत्रीबाग का भ्रमण कराया गया।

# सरकार बेपटरी,मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है:विक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 29 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। प्रेस वार्ता में प्रदेश के बलरामपुर की घटना को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में एक युवक गुरूचरण मंडल की मौत हो गयी। पुलिस का दावा है कि मृतक गुरूचरण की मौत बाथरूम में फांसी लगाने से हुई है।सारे तथ्य बताते है बलरामपुर में युवक गुरूचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है।मृतक जिसकी पत्नी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। गुरूचरण मंडल को उसके पिता के साथ उसकी पत्नी के लापता होने के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। मृतक के परिजनों का कहना है कि ÷पुलिस ने 4 दिनों से उसे तथा उसके पिता को थाने बुलाया था तथा 4 दिनों से उसे थाने में हिरासत में रखा था।पिछले 20 दिनों से मेरी बहू लापता है और मैं अपने बेटे के साथ तीन दिनों से हिरासत में हूं। पुलिस ने हमें बेरहमी से पीटा। बलरामपुर पुलिस की वजह से मैंने अपने बेटे को खो दिया।÷

प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। गुरूचरण मंडल, उनके पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया ? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया ? मृतक के पास टॉवेल (तौलिया) कहां से आया जबकि उसके पिता का कहना है उसके पास कोई टॉवेल नहीं थी ? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया ?मृतक के परिजन शव को दफनाने की मांग कर रहे थे, पुलिस जलाना क्यों चाहती थी ? हालांकि बाद में दबाव के कारण दफनाया गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया ? प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस मामले की उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच कराया जाये। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी तथा टीआई की भूमिका संदिग्ध है, उन सबके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। मृतक के शरीर का डॉक्टरों का दल बना कर फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये। मृतक के परिवार को 1 करोड़ मुआवजा दिया जाये। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे, गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाये। प्रेस वार्ता में प्रदेश की बिगड़ती क़ानून व्यवस्था को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि राज्य में रोज-रोज घट रही घटनायें यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। ऐसी नकारी और निक्कमी सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाना चाहिये। जब जनता अपने जान-माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों पर उतर जाये तथा राज्य के हालात अराजक हो जाये तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिये। बलरामपुर में महिलाओं ने पुलिस पर हमला कर दिया। सरकार की अर्कमण्यता का नतीजा है जनता को अब पुलिस और सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। पुलिस की अक्षमता और सरकार के अनिर्णय के कारण बलौदाबाजार में एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया, सूरजपुर में अपराधी के घर पर हमला करने गयी भीड़ ने एसडीएम को पीटने के लिये दौड़ा दिया, उनको भागकर जान बचानी पड़ी। कवर्धा में पुलिस से न्याय की उम्मीद छोड़ चुकी जनता ने एक व्यक्ति को उसके घर में जिंदा जला दिया। जिला मुख्यालय बीजापुर में भी मार्केट एरिया न्यू बस स्टैण्ड के पास बदमाश बेख़ौफ़ होकर एक ग्रामीण मजदूर की डंडों से पीट पीटकर हत्या कर देतें हैं। सीतापुर में पुलिस की लापरवाही के खिलाफ अपराधी पर कार्यवाही की मांग को लेकर जनता ने 24 घंटे चक्का जाम कर दिया था तब जाकर पुलिस ने कार्यवाही किया। यह सारी घटनायें बताती है कि भाजपा के राज में अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। प्रेस वार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि सरकार की विफलता की जवाबदेही मुख्यमंत्री की है। मुख्यमंत्री का नियंत्रण सरकार पर नहीं है। सरकार बेपटरी हो चुकी है। 4 एसपी और कलेक्टर, दर्जनों वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हटाने के बाद भी सरकार कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रही तब मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को हटाने में क्यों हिचकिचा रहे है? मुख्यमंत्री को ऐसा लगता है कि उनके गृह मंत्री की गलती नहीं है तो सरकार की नाकामी की जिम्मेदारी खुद लेकर तत्काल इस्तीफा दें।प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### जुआ खेलते 6 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भाटापारा, 29 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 28 अक्टूबर को थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रामलीला मैदान गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा में जुआ खेलते हुए कुल 06 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी ?1, 73, 990 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। आरोपियों के नाम मनीष मंधान उम्र 36 वर्ष निवासी संत कंवर राम वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, सुरेश धरानी उम्र 34 साल निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, श्रवण कुमार उम्र 32 साल निवासी भाटापारा थाना भाटापारा शहर , हरिकेश लहरे उम्र 34 साल निवासी महासती वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, दीपक ठाकुर उम्र 40 साल निवासी माता देवालय वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, जगदीश बजाज उम्र 35 साल निवासी महासती वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

### अच्छे कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र




**भाटापारा, 29 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद पुलिस का अभिनव पहल अधिकारी, कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए कॉप ऑफद मंथ का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को, कॉप ऑफद मंथ चुना जाएगा। माह अक्टूबर में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उप निरीक्षक जयप्रकाश नेताम, सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक गंगाधर सिन्हा की थाना पांडुका एवं गरियाबंद क्षेत्र अंतर्गत बैंक एवं एटीएम में चोरी करने वाले 03 आरोपियों को पकड़ने में विषेश भूमिका रही। इसी क्रम में उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, प्रधान आरक्षक चूड़ामणि देवता की थाना मैनपुर के हत्या के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका रही, आरक्षक दिलीप निषाद, आरक्षक हरीश शांडिल्य के द्वारा गुम नाबालिक बालक को 02 घंटे के भीतर सकुशल परिवार को सुपुर्द करने में इनकी विशेष भूमिका रही इन साहसी पुलिस कर्मियों को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल आलोक राखेचा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने बाजार जाकर खरीदे मिट्टी के दिये, कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह

- कलेक्टर दीपक सोनी ने दी धनतेरस सहित दीपावली व भाईदूज की शुभकामनाएं
- पर्यावरण का रखें ख्याल, कुम्हारों एवं महिला स्व सहायता समहू द्वारा बनाये जा रहे दिये का ही करें उपयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 29 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सभी जिला वासियों को धनतेरस सहित दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संदेश दिए है। उन्होंने आज इस मौके पर उन्होंने स्थानीय बाजार में पहुंचकर कुम्हारों से मिट्टी के दिये एवं ग्वालिन खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी हासिल किया।बलौदाबाजार निवासी कृष्णा पांडे ने कलेक्टर को बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है।

नगर पालिका के द्वारा भी किसी प्रकार का टेक्स नहीं लिया जा रहा है। मिट्टी के बर्तन बनाने के बहुत समय से इलेक्ट्रॉनिक चाक नहीं मिलने की बात बताई गई जिस पर कलेक्टर ने कहा कि हम कुम्हारों को माटी कला बोर्ड के माध्यम से जिले के कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक देने की तैयारी कर रहे है। इसके लिए आवश्यक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस मौके पर उन्होंने जिले वासियों से कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है। दीपावली में आर्थिक गतिविधियां तेज़ होती है। अनेक से छोटे-बड़े समुदाय इसे बड़ी आस भरी नजरों से देखते है।

दीपावली के दौरान घरों में दीये एवं लाइटों का उपयोग बड़ी सँख्या में करतें है। इन वस्तुओं में विदेशी वस्तुओं का उपयोग ना ही करें। उनकी जगहों में हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। जिले में बड़ी सँख्या में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये एवं महिला स्व सहायता समुहों द्वारा भी दिये बड़ी सँख्या में बनाये जा रहें है। आप सभी इन्हीं दियों का ही उपयोग करें। इनसे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। अतः आप सभी से आग्रह है आप ऐसे ही दीयों का उपयोग करें। इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश मे पटाखा का उपयोग निर्धारित समय मे रात 8 से 10 बजें तक का ही करें। पटाखों में हो सकें तो ग्रीन पटाखों का सुरक्षित तरीके से उपयोग करें।

**कुम्हारों का न हो तकलीफ अलग से आदेश जारी:** दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है। मिट्टी के दीये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण ध्यान रखा जावे। नगरपालिका/नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार की कर की वसूली न किया जावे। साथ ही आमजन को दीये के उपयोग के लिए प्रोत्साहित भी किया जावे। उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

# प्रेसवार्ता में भाजपाइयों ने गिनाए अजय चंद्राकर के विकास कार्य

## कांग्रेसियों के विधायक पर लगाए गए आरोपों को भी नकारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 29 अक्टूबर।** राजीव भवन भखारा में शनिवार को कांग्रेसियों ने कुरुद विधायक अजय चंद्राकर व नगर पंचायत भखारा के विभिन्न मुददों को लेकर प्रेसवार्ता कर भाजपाइयों को जमकर घेरा था जिस पर भाजपाइयों ने सोमवार को भाजपा कार्यालय भखारा में प्रेसवार्ता लेकर कांग्रेसियों की आरोपों पर पलटवार किया और नगर पंचायत पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाया और प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने कांग्रेसियों के द्वारा लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब कांग्रेसियों ने अपने प्रभाव से नगर विकास के लिए एक ईंट तक नहीं ला सका और वही कांग्रेसी नगर पंचायत भखारा पर आरोप मढ़ रहे है नगर पंचायत में अभी तक जितने भी विकास कार्य हुए है वह विधायक अजय चंद्राकर की देन है।उनके मंत्री रहते हुए भखारा विकास की पायदानों पर दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ना शुरू किया।और आज नगर दुर्गति से विकास की ओर अग्रसर है।विधायक चंद्राकर के दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में भखारा का विशेष पहचान बना यहां पीजी कॉलेज, आईटीआई जैसे संस्थान खुले है।क्षेत्र की युवाओं को हुनरमंद बनाने बहुत जल्द भखारा में लाइवलीहुड कॉलेज भी खुलने वाला है।नगर में नलजल योजनाओं का विस्तार करने के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनवाया गया है।जिसके माध्यम से हर घर पीने के लिए स्वच्छ जल आपूर्ति हो रही है।भविष्य में पीने की पानी के लिए परेशानी ना हो इसके लिए भखारा नगर की वार्ड क्रमांक-11 व 13 में बोर खनन भी करवाया गया है।इसके अलावा क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को तराशने के लिए स्टेडियम, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हॉस्पिटल, बारिश के दिनों में किसी भी गांव की सम्पर्क जिला मुख्यालय से ना टूटे इसके लिए क्षेत्र में कई उच्चस्तरीय पुल पुलियों का निर्माण करवाया है।

पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि बाजार की ज़मीन खसरा नंबर 675/2 की खरीदी बिक्री नगर में कांग्रेस की सत्ता रहने के दरम्यान हुआ है।जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।और कांग्रेसियों के कार्यकाल में षडयंत्र पूर्वक बाजार की उतनी जमीन को छोड़कर कांक्रिटीकरण करवाया गया था जिसके कारण आज उसमे विवाद की स्थिति बना हुआ है।

अधोसंरचना मद से प्राइवेट कॉलेज के बाउंड्री निर्माण के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि जब भखारा मे सरकारी महाविद्यालय नहीं था तब छत्तीसगढ़ महतारी कॉलेज क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।जिसे ध्यान में रखकर नगर पंचायत के द्वारा आहता निर्माण करवाया गया है।जिस पर यहां के कांग्रेसी राजनीति कर रहे है।

कांग्रेसियों के द्वारा विधायक अजय चंद्राकर पर बायपास निमार्ण मे रुचि नहीं लेने का लगाए आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि विधायक चंद्राकर के कार्यकाल में बाईपास स्वीकृत हुआ है। बाईपास निर्माण का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा था।अधिग्रहित भूमिस्वामीयों को भड़काकर उसमे स्टे लगवाने का काम भी कांग्रेसियों ने किया है।उसमे भी सम्पूर्ण मुआवजा का भुगतान किसानों को हो चुका है।

तालाब में अवैध मुरूम उत्खनन के आरोपों को नकारते हुए कहा कि उक्त तालाब की भारी गंदगी को देखते हुए वार्डवासियों की सहमति से तालाब को सुखाया गया था।मुरूम उत्खनन की अनुमति भी कलेक्टर के द्वारा दिया गया था।उसमे से निकला गया मुरूम क्षेत्र के सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों में उपयोग किया गया है।

अतिक्रमण की कार्रवाई पर पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने प्रशासनिक कार्यवाही बताते हुए कहा है कि अतिक्रमण हटवाने की सूचना हमे भी उसी दिन प्राप्त हुआ यह एक प्रशानिक कार्यवाही है।निकाय क्षेत्र में नगरपालिका अधिनियम में संशोधन करते हुए अब नगर निकाय क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी को विशेषाधिकार दिया गया है।जिसके तहत कार्यवाही किया गया है।

कांग्रेस नेता भरत नाहर पर भ्रष्टाचार की सबूत मिटाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी खुद भ्रष्टाचार करते हैं और साक्ष्य को मिटाने के लिए दस्तावेज फाड़कर नदिया मे बहाते है।।

पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने भूत पूर्व विधायक लेखराम साहू पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के एक्सिडेंटल विधायक तो अपने गांव का भी सड़क नहीं बनवा पाए थे।उन्हे भी विधायक अजय चंद्राकर ने बनवाया है।साथ ही सिलौटी मे कॉलेज भी खोला।क्षेत्र के लाडले नेता अजय चंद्राकर कभी भी विकास कार्यों के लिए भेदभाव नहीं किया है।नगर मे तो विकास किया ही है। विरोधियों के लिए भी तरक्की के द्वार खोले।

उक्त प्रेसवार्ता में नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्प लता देवांगन, मंडल अध्यक्ष आनंद यदु, मंडल प्रभारी रामस्वरूप साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, पार्षद रोशन कला, भारती साहू, कृष्णा साहू, ईश्वर साहू, ओमकुमारी, उमेश सोनवानी, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम सिन्हा, गौतम जैन, झम्मन साहू, पुरण दीवान, युवराज सोन, गिरीराज सोन, जितेंद्र साहू, रामकृष्ण नेताम, विष्णु साहू, अभिषेक राव शिंदे, धनुष देवांगन उपस्थित रहे।

### खाद्य सामग्री में मिलावट की पुष्टि, 15 प्रकरणों में दुकानदारों पर 4 लाख का जुर्माना

**बलौदाबाजार, 29 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला बलौदा बाजार भाटापारा द्वारा दिनांक 1 सितंबर 2024 से लेकर अभी तक कल 20 विधिक मोतीचूर लड्डू, बूंदी लड्डू, वनस्पति घी, आटा, खाद्य तेल, बिरयानी राइस, पनीर, चना दाल, सूजी, फरसान फ्लोर, गुड, मिनी पेड़ा, कुंडा मिठाई, कलाकंद, मैदा, केक बेस इत्यादि विधिक नमूने लिए गए है। इसके साथ ही 24 सर्विलेंस एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा 263 नमूने जांच किया गया। मौके पर पाए जाने वाले अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थो को नष्ट किया गया। त्योहारी ।सीजन सीजन को ध्यान में रखते हुए जांच दौरान जिले के लगभग सभी ब्लॉक के कस्बों में जांच की गई है। न्याय निर्णयन अधिकारी अपर कलेक्टर जिला बलौदा बाजार के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। 1 जुलाई 2024 से अभी तक के और प्रकरणों में अवमानक एवं मिथ्या छाप कुल 15 प्रकरणों में लगभग 3 लाख 99 हजार का जुर्माना लगाया गया है। मिथ्या छाप आइस कैंडी हेतु महावीर किराना अर्जुनी 22 हजार रूपये, मिथ्याछाप चावल हेतु दिनेश किराना बलौदाबाजार 20 हजार रूपये, अमानक पान मसाला हेतु जगदीश सेल्स बलौदाबाजार 35 हजार रूपये, मिथ्या छाप मुखवास हेतु रिटेलर अमित पान मसाला गिधौरी 7 हजार रूपये और अभिषेक एजेंसी शिवरीनारायण को 50 हजार का पेनाल्टी अधिरोपित किया गया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202406092100067- अ/6 (अ)-वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप कुमार पिता देवीलाल शर्मा निवासी ग्राम बाजार चौक मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम मुसराखुर्द में कृषि भूमि स्थित है जिसका खसरा क्र. 148/1, 148/3 कुल रकबा 0.22 एकड़ भूमि स्थित है। आवेदक के खसरा क्र. 148/1 रकबा 0.13 डिसमिल खेत में स्थित है, खसरा क्र. 148/2 में रकबा 0.32 एकड़ नहर नाली में अधिग्रहण हुआ है एवं 148/3 रकबा 0.09 एकड़ भूमि नहर नाली के बाद स्थित मेन रोड से लगा हुआ है. पूर्व में नक्शा सही काटा गया था परन्तु वर्तमान में नक्शा मनमाना रूप से काटा गया है जिसके कारण आवेदक को काफी परेशानी हो रही है वर्तमान में जो नक्शा काटा गया है वह पूणतः गलत है, पूर्व में काटा गया नक्शा अनुसार वर्तमान में नक्शा काटे जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.11.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा गया।

आज दिनांक 23:10.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़


# आरपीएफ डीआईजी ने भाटापारा पोस्ट का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 29 अक्टूबर।** रेलवे विभाग के डी.आई.जी आरपीएफ मो शाकिब एक दिवसीय दौरे पर आज दोपहर को आरपीएफ पोस्ट भाटापारा पहुचे जहां पर उन्होने साल भर की आरपीएफ की गतिविधियो की जानकारी ली तथा रोजनामचा के अलावा पूरे थाने के महत्वपूर्ण दस्तवेजो का निरीक्षण किया इसके अलावा आपातकाल मे उपयोग मे आने वाली सामग्रीयो का अवलोकन किया।

डीआईजी मो शाकिब जोकि भाटापारा आरपीएफपोस्ट की सारी गतिविधयो ये संतुष्ट नजर आये वही उन्होने अपने संबोधन मे उन्होने बल सदस्यो को रेलवे की सम्पिति की सुरक्षा के अलावा जनता की सुरक्षा एवं जनता की जवावदेही को गंभीता से निपटाने एवं आरपीएफ को 24 घंटे एलर्ट रहते हुऐ दिपावली त्यौहार मे भीड भाड मे आरपराधिक गतिविधयो पर नजर रखते हुए अधिक से अधिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। वही सभी अधिकारी एवं बल सदस्यो को किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार से दुर रहने हेतु निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण के दौरान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा प्रभारी एस के शुक्ला, सहायक सुरक्षा आयुक्त संदीप डी खेरतकर के अलावा पोस्ट के अन्य अधिकारी एवं बल सदस्य मौजूद रहे। इस निरीक्षण के दौरान डीआईजी लगभग 05 घण्टे से अधिक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा, रेलवे श्वान दस्ता भाटापारा एवं रेलवे स्टेशन भाटापारा का मुआयना किया गया।


**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-बस्तर**
**(स्थानीय निर्वाचन शाखा)**

**मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना**

क्रमांक/257/ स्था.निर्वा/ मत. मुद्रण/पंचा.निर्वा/33/2024, जगदलपुर दिनांक 23.10.2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से <u>जिला बस्तर</u> में वर्ष 2024-25 में होने वाले <u>पंचायत चुनावों</u> के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1/ निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन शाखा) जिला-बस्तर जगदलपुर से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 20/11/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

2/ मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।

3/ निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन नगरपालिका) जिला-बस्तर जगदलपुर से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर,
वास्ते, सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
छत्तीसगढ़

जी-242503468/3


### मानसिक विकार, अवसाद और आत्महत्या की रोकथाम में लगा है जिले का स्पर्श क्लीनिक

# जांच, परामर्श व उपचार से मरीज हो रहे ठीक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 29 अक्टूबर।** जीवन में बहुत सारी घरेलू सामाजिक समस्याओं से आजकल सामना करना पड़ता है इसके कारण मनुष्य की मानसिक स्थिति पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव पड़ते हैं। इसमें गुस्सा, चिड़चिड़ापन, अवसाद और कभी-कभी तो व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेता है। यदि समय रहते उक्त अवसाद से जूझ रहे व्यक्ति को सही परामर्श मिले तो ऐसे व्यक्ति का न केवल जीवन बचाया जा सकता है बल्कि उसे समाज की मुख्यधारा में लाकर सामान्य जीवन जीने को प्रेरित भी किया जा सकता है। ऐसी ही मानसिक स्थिति के निराकरण हेतु जिला अस्पताल में मानसिक रोग विभाग अंतर्गत स्पर्श क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार स्पर्श क्लीनिक में एक मनोरोग विशेषज्ञ सहित कुशल और प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ अपनी सेवा देते हैं तथा यह मानसिक रोगों के निदान हेतु अच्छा माध्यम है। जिला अस्पताल की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ मधुमिता बैनर्जी के अनुसार अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक में पारिवारिक सामाजिक तनाव, नशे की लत, अवसाद गुस्सा आदि मानसिक विकारों का इलाज होता है। अज्ञानता के कारण कई बार लोग झाड़ू-फूँक आदि चीजों में अपना समय गंवा देते हैं जबकि मानसिक रोगों में प्रायः इलाज के पश्चात मरीज पूरी तरह ठीक भी हो जाते हैं।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों और कॉलेजों में तनाव प्रबंधन सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित लाइफ स्किल एजुकेशन एवं आत्महत्या रोकथाम हेतु गेट कीपर प्रशिक्षण भी दिया जाता है।मनोचिकित्सक डॉ मधुमिता बैनर्जी ने एक केस की चर्चा करते हुए बताया कि, एक 34 वर्षीय महिला ने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया था। शुरू में उसने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया परन्तु लगातार संपर्क और उससे चर्चा तथा परामर्श के दौरान ज्ञात हुआ कि पति को शराब सेवन की बुरी आदत है जिससे विवाद होते रहते थे, महिला के बच्चे भी हैं ऐसा दो साल से चल रहा था।नशे के कारण परिवार की माली हालत भी बुरी थी। बच्चों के लालन-पालन को लेकर चिंता बनी रहती थी। इससे महिला इतनी निराश हुई कि उसने जान देने का प्रयास किया। इस पूरे प्रकरण में नशा एक बड़ा कारण था। ऐसे में स्पर्श क्लीनिक की टीम ने महिला तथा पति दोनों का उपचार आरंभ किया। परामर्श के कई सत्र के पश्चात परिवार की स्थिति बेहतर हुई। सिविल सर्जन डॉ के के टेम्भूरने ने बताया कि स्पर्श क्लीनिक में मनोरोग चिकित्सक के अतिरिक्त क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोहिन्दर धृतलहरे, साईकेट्रिक सोशल वर्कर रोशन लाल, साईकेट्रिक नर्स शिव कुमारी गोस्वामी, कम्युनिटी नर्स भारती यादव की टीम अपनी सेवा दे रहे हैं। स्टाफकी उपलब्धता सदा रहती है।कलेक्टर दीपक सोनी ने जिलावासियों से मानसिक समस्याओं के समाधान के लिए झाड़-फूँक जैसे अंधविश्वास से दूर रहने तथा ऐसी किसी समस्याओं से ग्रसित होने पर तत्काल स्पर्श क्लीनिक में संपर्क करने की अपील की है। मानसिक रोग के उपचार एवं आत्महत्या के रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर टेलीमानस 14416 या 18008914416 में कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Tel.No.07727-223138 E-Mail:cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazr@ymail.com

क्रमांक/717/लो.नि.वि./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 28.10.2024

**!!मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना!!**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को निकाय मद के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्री-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एस.ओर.आर. CGPWD Building/Road SOR w.e.f. 01.01.2015 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है-

01 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 19.11.2024 समय-शाम 05:00 बजे तक।
02 परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 21.11.2024 समय-दोपहर 04:00 बजे तक।
03 निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 25.11.2024 समय-दोपहर 03:00 बजे तक।
04 प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 25.11.2024 समय-शाम 04:30 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | निकाय अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक शौचालयों का मरम्मत कार्यः-<br>01) वार्ड क्र. 06 पिपराहा तालाब में स्थित शौचालय।<br>02) वार्ड क्र. 06 सोलहा तालाब में स्थित शौचालय।<br>03) वार्ड क्र. 08 पटेल पारा में स्थित शौचालय।<br>04) वार्ड क्र. 17 रिसदा रोड में स्थित शौचालय। | 14.60 | 11000.00 | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/UADTenderUploder/HomeReports.aspx# से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**टीपः-** निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार**

एक नजर

## मुख्यमंत्री ने धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की



**रायपुर, 29 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के निरोगी एवं सुखमय जीवन की कामना की । उन्होंने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी । इस मौके पर श्री साय ने कहा कि समृद्धि व ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर और आरोग्य के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के लिए सुख-समृद्धि लेकर आए और भगवान धन्वंतरि सभी को आरोग्य प्रदान करें।

## 11 नवंबर तक रायपुर जेल में बंद रहेगा गैंगस्टर अमन साव

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में सीजेएम कोर्ट ने जेल में बंद झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर और तेलीबांधा शूटआउट के मास्टरमाइंड अमन साव की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है. यानि अमन साव अब 11 नवंबर तक रायपुर जेल में ही बंद रहेगा। कारोबारी पर शूटआउट मामले में तेलीबांधा थाना पुलिस ने अमन साव को कोर्ट में पेश न करके रिमांड बढ़ाने का आवेदन लगाया था, जिसपर सीजेएम कोर्ट ने रिमांड बढ़ाने का फैसला सुनाया है। बता दें कि झारखण्ड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव फ्लिहाल रायपुर पुलिस की रिमांड पर है। अमन पर रंगदारी वसूलने और राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआरए ग्रुप के ऑफ्सि के बाहर कारोबारी पर फायरिंग कराने का आरोप है। इसके लिए उसने गुर्गे भी भेजे थे। इसके अलावा अन्य मामलों में भी रायपुर पुलिस अमन से पूछताछ कर रही है।

## अनुज शर्मा बनाए गए स्टार प्रचारक

**रायपुर 29 अक्टूबर।** प्रदेश के रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए एक बार फ्रि बीजेपी ने धरसींवा विधायक अनुज शर्मा को स्टार प्रचारक बनाया गया है. बता दें कि इससे पहले भी उन्होंने लोक सभा चुनाव में भी स्टार प्रचारक की भूमिका निभाई थी। वहीं पार्टी के इस फैसले से कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर नजर आ रही है. बीजेपी ने रायपुर दक्षिण के विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपने स्टार प्रचारकों के नाम का ऐलान किया है।

# धनतेरस पर बाजार हुआ गुलजार

■ इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहनों, एवं सराफा बाजार में रही जबरदस्त भीड़

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** धनतेरस पर आज राजधानी के सभी मुख्य बाजार गुलजार रहे। बाजार में इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल तथा वाहनों एवं सोने से बने आभूषणों की जबरदस्त खरीदी हुई। मालवीय रोड, एमजी रोड तथा गोलबाजार में आज खरीदारों की जबरदस्त भीड़ रही।

राजधानी में आज धनतेरस के पावन पर्व पर बर्तन सहित मोबाइल एवं मिष्ठान की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। राजधानी में इस समय सुप्रसिद्ध कंपनियों के दोपहिया वाहनों की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। वरुण होण्डा, टीवीएस के अलावा एक्टिवा की जमकर खरीदारी हुई है। वहीं इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ ही सुप्रसिद्ध कंपनियों के चारपहिया वाहनों की भी खरीदारी हुई। इसमें सबसे ज्यादा हुंडई कंपनी के वाहनों की बिक्री हुई है। इसके अलावा दीपावली के लिए पूजन सामग्रियों की भी जमकर खरीदारी की गई। गोलबाजार में कपड़ा, जूता के अलावा कांसे के बर्तनों की भी



खरीदारी लोगों ने की। आज खरीदी का शुभ दिन होने के कारण पीतल, तांबे के बर्तन दुकानों में भारी भीड़ देखी गई। गोलाबाजार से लेकर आमापारा बाजार, शीतला मंदिर तथा अन्य बाजारों में भी दीये के अलावा पूजन सामग्री की रिकार्ड बिक्री हुई है। दीपावली पर पूजा के लिए लक्ष्मी जी की मूर्ति, आसन, केला, सेब सहित अन्य फलों की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। आज दिन भर खरीदारी का शुभ मुहुर्त होने के कारण सभी बाजार गुलजार रहे।

**चौतरफा भीड़ ने ध्वस्त की ट्रैफिक व्यवस्था :** राजधानी के मालवीय रोड, गोलबाजार में आज भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया था लेकिन आज यहां पर धान का तोरण एवं आम के पत्ते का तोरण, कमल फूल बेचने वालों का जमावड़ा हो गया जिसके कारण पूरी ट्रैफिक व्यवस्था हो गई है। मालवीय रोड में सभी वाहन प्रतिबंधित होने के कारण कोतवाली, जयस्तंभ चौक से उतरकर लोग पैदल जा रहे हैं। रविभवन में मोबाइल खरीदने वालों की भीड़ लगी हुई है। शहर के बाहर इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम है। यहां पर हाईप्रोफाइल लोग कार खरीद रहे हैं। लक्ष्मी पूजा 31 अक्टूबर को से लेकर 1 नवम्बर को दोपहर 3 बजे तक होने के कारण लोगों में भ्रम की स्थिति है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र जाने वालों का भी तांता लगा हुआ है जिसके कारण यात्री वाहनों एवं लोकल ट्रेनों में भी लोगों की जबरदस्त भीड़ बनी हुई है। चेम्बर के पदाधिकारियों के अनुसार इस धनतेरस पर करोड़ों का व्यापार होगा इसे मार्केट में नया बूम आएगा।

**जीएसटी के कारण पटाखे महंगे:** राजधानी में इस समय लाखेनगर चौक में पटाखा बाजार लगा हुआ है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी पटाखे बिक रहे हैं। बच्चों में अनारदाना, फुलझड़ी सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। लक्ष्मी बम से लेकर एटम बम की भी डिमांड बनी हुई है। जीएसटी के कारण पटाखे काफी महंगे हो गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी पटाखों की डिमांड बनी हुई है। घरों में आकर्षक झालर एवं शाइनर लाइटें लगाए गए हैं।



**रायपुर, 29 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर कोनी में सिम्स के नव निर्मित 200 बिस्तरों वाले मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया।

## रायपुर शहर में स्वच्छ दीवाली-शुभ दीवाली अभियान शुरू

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के आदेशानुसार एवं छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वाभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर नागरिकों के मध्य दिनांक 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2024 तक स्वच्छ दीवाली शुभ दीवाली अभियान चलाया जाकर नगर क्षेत्र में विविध स्वच्छ गतिविधियां की जाएंगी. केन्द्र सरकार के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के दिशा - निर्देश अनुसार स्वच्छ दीवाली शुभ दीवाली अभियान के तहत 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में गन्दे स्थानों को चिन्हाकित कर अभियानपूर्वक उन स्थानों को स्वच्छ बनाया जायेगा. नगर क्षेत्र में बड़े नालों, तालाबों, नदी को स्वच्छ बनाने अभियान चलाया जायेगा।

## फिल्म सिटी के प्रस्ताव पर जल्द मुहर लगा सकती है सरकार

**रायपुर, 29 अक्टूबर ।** लंबे समय से छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माताओं की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष की घोषणा से पहले एक एडवाइजरी कमेटी बनाई है. इसमें भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, फिल्म अभिनेता एवं छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी समेत 9 लोगों को सदस्य बनाए गए हैं. संस्कृति विभाग के संचालक एवं पर्यटन के एमडी विवेक आचार्य केंद्र सरकार ने सरकार को फिल्म सिटी एवं नया रायपुर के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव दिया है. इस पर भी जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है. डॉ. रमन सिंह के तृतीय कार्यकाल में राजेश अवस्थी को अंतिम महीने में फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया था. उसके बाद भूपेश बघेल की सरकार में इस पद पर नियुक्ति नहीं हुई थी. फिल्म निर्माता लंबे समय से पुनः नियुक्ति की मांग कर रहे थे. इस पर विचार कर विष्णु देव सरकार ने नई नीति निर्धारण करने राजेश अवस्थी सहित 9 सदस्यों की एडवाइजरी कमेटी बनाई है. यह कमेटी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जो आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए इस पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सरकार को देगी. इसके बाद सरकार नए सुझाव को फिल्म नीति में लागू कर फिल्म विकास निगम के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेगी.

# इस दिवाली गरीब महिलाओं के हाथ नहीं रहेंगे खाली

**रायपुर, 29 अक्टूबर।** इस दिवाली, गरीब महिलाओं के हाथ नहीं रहेंगे खालीवनांचल के बसाहट में रहने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई हो या फिर कोरबा जिले से लगभग 120 किलोमीटर दूर अन्तिम छोर के गाँव डोकरमना की कामता बाई...इन सभी को याद है कि आज से एक साल पहले ऐसी कई दीवाली सहित त्यौहार आई..लेकिन इन त्योहारों की खुशियों में अक्सर गरीबी का ग्रहण ऐसा लग जाता था कि वे चाहकर भी खुशियों के मौके पर खुश नहीं हो पाती थीं। हाथों में पैसा नहीं होने से वे न तो अपनी पसंद की जरूरी सामग्री खरीद पाती थी और न ही घर पर कोई पसन्द का व्यंजन बना पाती थीं। अब जबकि महतारी वंदन योजना से खाते में हर महीने एक-एक हजार रुपए जमा हो रहे हैं तो इन गरीब महिलाओं को त्यौहार जैसे खास अवसरों में मुस्कुराने के साथ ही खुद का और रिश्तेदारों के मुंह मीठा करने का मौका मिल गया है। महतारी वंदन योजना में नाम जुड़ने के पश्चात हर महीने एक-एक हजार रुपए अपने खाते में प्राप्त करने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई की जिंदगी बहुत ही चुनौतियों तथा संघर्ष के बीच घिरी हुई है। घने जंगल में बसाहट में रहने वाली दशरी बाई के पास आमदनी का कोई साधन नहीं है। वह कुछ खास सीजन में कुछ रुपये वनोपज संग्रहण से जोड़ पाती है, इस बीच जिंदगी बहुत ही मुफलिसी से कटती है। उसके लिए घर का जरूरी सामान व राशन के इंतेजाम से और कुछ होता ही नहीं है। वह बताती है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एक-एक हजार रुपए जो खाते में भेजा है वह उनके लिए बहुत ही काम आती है। राशन से जुड़े सामान खरीदने के साथ ही अपनी जरूरतों के सामग्री खरीद लेती है। उन्होंने बताया कि पति पण्डाराम को कभी-कभी काम मिलता है तो करते हैं। दशरी बाई ने बताया कि आने वाले दिनों में त्यौहार है। महतारी वंदन योजना से मिली राशि उसके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इससे पहले कई त्यौहार खाली हाथ बीता है। इस बार इस राशि से कुछ न कुछ व्यंजन घर पर जरूर बनाएगी। कोरबा ब्लॉक के अन्तिम छोर के ग्राम डोकरमना की कामता बाई को भी हर महीने एक हजार मिलता है। उन्होंने बताया कि गाँव में मजदूरी मिलना आसान नहीं है।






## दीपावली के पूर्व पुलिस कर रही पैदल पेट्रोलिंग

**रायपुर, 29 अक्टूबर ।** पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशन में धनतेरस, दीपावली पर्व को दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए सभी थाना क्षेत्र में लगातार थाना प्रभारियों द्वारा पैदल पेट्रोलिंग गश्त किया जा रहा है। दुकानों में भीड़ को देखते हुए संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है एवं सदर बाजार,बस स्टेशन, सहित अलग-अलग जगहों पर पुलिस की टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग गस्त एवं पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा आउटर एवं सुनसान इलाके एवं बाजार वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु पर नजर रखी जा रही है। एवं संघन पैदल पेट्रोलिंग गश्त की जा रही है। पुलिस पार्टी द्वारा लगातार संवेदनशील मार्गों पर भ्रमण करते हुये सदर बाजार एवं भीड़ भाड़ वाले जगहों का निरीक्षण कर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। भीड़ भाड़ वाले सभी स्थानों पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया है। साइबर टीम सहित सादे कपड़ों में भी पुलिस बल तैनात किया गया है जिसके द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो पर सतत् नजर रखी जा रही है। सभी अनुभाग धमतरी,नगरी,कुरूद के सभी थाना क्षेत्रों में संघन पैदल पेट्रोलिंग अभियान चलाया जाकर पैदल गश्त की गई। उक्त पैदल पेट्रोलिंग में सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पैदल पेट्रोलिंग की गई।

## रायपुर दक्षिण सीट पर 34 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**रायपुर, 29 अक्टूबर ।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 के लिए कुल 34 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य किया गया है। छंटनी के पश्चात इन सभी अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत कुल 46 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया था। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत निर्वाचन के लिए अब 34 अभ्यर्थी शेष हैं।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26